केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

ह्रीं श्री

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

*कुछ लोग जिधर की हवा होती है उधर ही चल पड़ते हैं हालांकि यह काम कचरे का होता है..*

वर्ष : 16 अंक : 288 | उज्जैन, मंगलवार 31 मार्च 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

# राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक : मुख्यमंत्री

### व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वालों से लोकतांत्रिक मूल्य और व्यवस्थाएं होती हैं प्रभावित



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक है। वे ही इस क्षेत्र में सक्रिय और सफल हो सकते हैं, जिनमें जनसेवा और जनकल्याण की भावना हो। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वाले लोगों के कारण लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जनप्रतिनिधियों के लिए जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील होना, अध्ययनशील होना, तनाव प्रबंधन में दक्ष होना और जनहित के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करना आवश्यक है। कोई समस्या आने पर जनप्रतिनिधि का व्यवहार और समस्या निराकरण के लिए उनका प्रबंधन कौशल, उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है। सकारात्मक और समाज हित की गतिविधियों और विकास कार्यों के लिए हमें दलगत मतभेदों से ऊपर उठकर सोचना और कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा विधायकों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा के विधान परिषद हाल में हुआ कार्यक्रम वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार विशेष रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन में राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान के 45 वर्ष आयु तक के विधायक सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मानना कि लोकतंत्र के विचार की उत्पत्ति पश्चिम से हुई थी, पूर्णतः सत्य नहीं है। लोकतंत्र, भारतीय राजनैतिक व्यवस्था का नैसर्गिक गुण है। भारतीय व्यवस्थाओं में सदैव से ही मत भिन्नता को सम्मान दिया गया है, राजनैतिक और धार्मिक व्यवस्थाओं में शास्त्रार्थ की परम्परा प्राचीन समय से रही है। भारत में विचारों की अभिव्यक्ति को सभी क्षेत्रों में सम्मान और महत्व प्रदान किया गया। भारत में ऐतिहासिक रूप से जुड़े लोकतंत्र के संस्कारों और मूल्यों का ही परिणाम है कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी देश में लोकतंत्र पर आधारित व्यवस्थाएं सुगमता से संचालित होती रहीं। जबकि अन्य पड़ोसी देशों का हाल सबके सामने है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा विधायकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें हर स्थिति में सम भाव से रहने की प्रेरणा मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम से लेना चाहिए। जब उन्हें राजपाट सौंपा जाना था, तब उन्हें वनवास दे दिया गया। परंतु उन्होंने दोनों स्थितियों को समभाव से लिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य सहित कई भारतीय शासकों के इतिहास से ज्ञात होता है कि उन्होंने कभी अपनी अगली पीढ़ी को राज सत्ता सौंपने का उपक्रम नहीं किया। राज्य के प्रबंधन में लगे लोगों ने ही उनके बाद व्यवस्थाएं संभाली। ऐसे महान शासकों का मानना था कि यदि अगली पीढ़ी में नेतृत्व क्षमता और राज सत्ता के प्रबंधन की दक्षता होगी, तो वे स्वयं इस दिशा में सक्रिय होंगे। इन भारतीय मूल्यों और परम्पराओं का वर्तमान में भी पालन होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों और सत्ता से जुड़े लोगों का अपने परिवार को समय देना और उन्हें अच्छे संस्कार देना भी आवश्यक है। अच्छे संस्कारों के अभाव में अगली पीढ़ी द्वारा यश प्रभावित करने की संभावना बनी रहती है। जनप्रतिनिधियों को इस ओर से विशेष रूप से संवेदनशील और सतर्क रहना चाहिए।

विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में युवा जनप्रतिनिधियों की अहम जिम्मेदारी- मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र किसी एक व्यक्ति, समुदाय या क्षेत्र की व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की स्वतंत्रता, न्याय, समानता और बंधुता पर आधारित एक व्यापक व्यवस्था है। भारत का लोकतंत्र नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही मजबूत होता है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 25 नवंबर 1949 के संविधान सभा के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे लागू करने वाले लोग कितने प्रतिबद्ध और नैतिक हैं।

श्री तोमर ने कहा कि युवा विधायक लोकतंत्र में नागरिकों और शासन के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। उनकी नई ऊर्जा, आधुनिक सोच और नवाचार की क्षमता शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि युवा जनप्रतिनिधि सामाजिक कुरीतियों जैसे जातिवाद, नशाखोरी और लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध समाज को जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उस सोच का उल्लेख किया जिसमें राजनीति में नई ऊर्जा और पारदर्शिता लाने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं को राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

## दिल्ली पुलिस को मिली आतंकी शब्बीर अहमद लोन की रिमांड; होंगे बड़े खुलासे




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी शब्बीर अहमद लोन को दिल्ली की एक अदालत ने 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गाजीपुर इलाके से शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया था। अब दिल्ली पुलिस की जांच टीमें आतंकी शब्बीर अहमद लोन से पांच दिन तक पूछताछ कर सकेंगी। दिल्ली पुलिस की पूछताछ में बड़े खुलासे होने की संभावना है। लोन पर हाल ही में पकड़े गए एक बड़े टेरर मॉड्यूल को चलाने का आरोप है। दिल्ली पुलिस ने जुडिशियल मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौर की अदालत से शब्बीर अहमद लोन को पांच दिन तक हिरासत में लेकर पूछताछ करने की मांग की थी। इस पर अदालत ने दिल्ली पुलिस की उस याचिका को मंजूर कर लिया। अब दिल्ली पुलिस की जांच टीमें शब्बीर अहमद लोन से सख्त पूछताछ कर सकेंगी। दिल्ली पुलिस की पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने का अनुमान है। दिल्ली पुलिस ने शब्बीर अहमद लोन 'कट्टर और बेहद प्रशिक्षित आतंकवादी' बताते हुए कहा कि वह कथित तौर पर इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस की ओर से काम करने वाले हैंडलरों से संपर्क में था। आरोपी को %राजा% और कश्मीरी जैसे उपनामों से भी जाना जाता है। आरोपी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर का रहने वाला है। शब्बीर अहमद लोन पर हाल ही में पकड़े गए एक मॉड्यूल के हैंडलर के तौर पर काम करने का आरोप है। इस आतंकी मॉड्यूल में कई बांग्लादेशी शामिल थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शब्बीर अहमद लोन के पास से विदेशी मुद्रा और नेपाली सिम कार्ड बरामद किया है। जांच में सामने आया कि वह पाकिस्तान के हाफिज सईद और लखवी जैसे आतंकियों के संपर्क में था। वह भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को भर्ती कर उन्हें कट्टरपंथी बना रहा था। वह देश के संवेदनशील स्थानों और मंदिरों पर हमले की साजिश रच रहा

## भारत आज अपनी मर्जी से नहीं खरीद सकता तेल, पीएम कंप्रोमाइज्ड हो गए हैंः राहुल गांधी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सोमवार को तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एक कंप्रोमाइज्ड प्रधानमंत्री हैं। केरल में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने आरोप लगाया, अमेरिका-भारत समझौते के डिटेल देखने पर साफ हो जाएगा कि कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री इसे तब तक नहीं साइन कर सकता जब तक वह कंप्रोमाइज्ड न हो। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र को अमेरिकी किसानों के लिए खोल दिया है, साथ ही देश की ऊर्जा सुरक्षा को अमेरिकियों के हवाले कर दिया है। आज भारत अपनी मर्जी से तेल नहीं खरीद सकता, बल्कि उसे इजाजत लेनी पड़ती है। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी केरल में यूडीएफ सरकार नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जानते हैं कि भ्रष्टाचार के कारण वे एलडीएफ सरकार को नियंत्रित कर सकते हैं और एलडीएफ कभी भी दिल्ली में उनको चुनौती नहीं दे सकता। इसलिए वे समझते हैं कि केवल कांग्रेस ही उन्हें दिल्ली और पूरे देश में हरा सकती है, इसी वजह से मोदी केरल में ख्रछ्र को मजबूत करना चाहते हैं।राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी केरल दौरे के दौरान सबरीमाला मुद्दे पर चुप रहे, जो साफ संकेत है कि भाजपा और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 9 अप्रैल के लिए निर्धारित विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भाजपा के गठजोड़ से मुकाबला करना पड़ रहा है।

# 'देश अब नक्सलवाद से मुक्त, गोली का जवाब गोली से मिलेगा', लोकसभा में बोले अमित शाह



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त कराने के प्रयासों पर चर्चा के दौरान अपना संबोधन दिया। इस दौरान शाह ने कहा कि आज बस्तर से नक्सलवाद लगभग-लगभग समाप्त हो चुका है। बस्तर के अंदर हर गांव में स्कूल बनाने की मुहिम चली। बस्तर के अंदर हर गांव में राशन की दुकान खोलने की मुहिम चली।

अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, मैं इतना ही पूछना चाहता हूं कि नक्सलवाद को जो लोग यहां पर वकालत कर रहे थे कि ये 70 से अब तक क्यों नहीं मिला। पूरे देश को 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद देश के हर गरीब को घर मिला, गैस मिला, शुद्ध पीने का पानी मिला, 5 लाख तक का स्वास्थ्य का बीमा मिला, प्रति व्यक्ति, प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज मिला, लेकिन ये बस्तर वाले क्यों छूट गए थे। शाह ने कहा, ये बस्तर वाले इसलिए छूट गए थे, क्योंकि वहां लाल आतंक का परछाई थी, इसलिए वहां विकास नहीं पहुंचा। मोदी सरकार में आज वो परछाई हट गई है, और इसलिए आज बस्तर विकास कर रहा है। ये नरेन्द्र मोदी की सरकार है, जो हथियार उठाएगा, उसका हिसाब चुकता होगा।

गृह मंत्री ने पिछली सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि 75 साल में 60 साल तो शासन आपने किया, आदिवासी अभी तक विकास से क्यों महरूम रहे? 60 साल आपने उन्हें घर नहीं दिया, पानी नहीं दिया, स्कूल नहीं बना, बैंक की फैसिलिटी नहीं पहुंचने दिया, इसलिए पहले थोड़ा अपनी गिरेबान में झांककर देखो कि दोषी कौन है।

शाह ने अपने संबोधन में इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, वामपंथी विचारधारा के कारण ये नक्सलवाद फैला है, राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के लिए इंदिरा गांधी ने भी स्वीकार की थी। मनमोहन सिंह ने पूरे देश के सामने स्वीकार किया था कि कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट की तुलना में भी देश में आंतरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी समस्या माओवादी हैं, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

अमित शाह ने वामपंथी संगठनों से पूछा कि आपका लड़ने का तरीका क्या है, हम अंग्रेजों के शासन में नहीं रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने भगत सिंह जी और बिरसा मुंडा से तुलना ऐसे लोगों से कर दी, जो अक्षम्य है। आपलोग क्या हिमाकत कर रहे हैं। शहीद भगत सिंह और भगवान बिरसा मुंडा, जो अंग्रेजों के सामने लड़े, और आप उनकी तुलना संविधान तोड़कर, हाथ में हथियार लेकर निर्दोषों की हत्या करने वालों से कर रहे हैं?

## नीतीश कुमार के लिए मांझी ने लिखीं भोजपुरी गीत की 2 लाइन, बोले- धन्यवाद.. तू बे-जोड़ बाड़ा हो



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विधान परिषद से इस्तीफा देने के बाद बिहार की सियासत में बयानबाजी तेज हो गई है। सोमवार को उन्होंने अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद विपक्ष और सत्ता पक्ष के नेताओं की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इसे भाजपा की रणनीति का हिस्सा बताते हुए नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे पहले से ही ऐसा कहते रहे हैं।

नीतीश कुमार के लिए मांझी ने लिखीं भोजपुरी गीत की 2 लाइन- वहीं, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने नीतीश कुमार के फैसले की सराहना की है। उन्होंने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर इस्तीफे की प्रति साझा करते हुए भोजपुरी गीत की पंक्तियां लिखीं- तहरा जइसन केहू नइखे, तू बेजोड़ बाड़ा हो।

इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि आपके मार्गदर्शन में ही बिहार आगे बढ़ेगा। आप नए बिहार के सृजनकर्ता हैं। पत्रकारों से बातचीत में मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार ने जो सोचा, वह कर दिखाया, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

इस बीच, मांझी के पुत्र और बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने भी नीतीश कुमार के निर्णय की सराहना की।

## उत्तर प्रदेश में 27 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर, बदले गए 13 जिलों के पुलिस कप्तान



**लखनऊ/ जीएनएस।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने रविवार को आईएएस अफसरों के बाद सोमवार को 27 आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर किया। इन तबादलों में 13 जिलों के एसपी-एसएसपी को भी बदला गया है। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चली है। इस बार 27 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है, जिसमें 13 जिलों के पुलिस प्रमुख भी शामिल हैं। अभी एक दिन पहले रविवार को नौ आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया था। महानिरीक्षक प्रशिक्षण के पद से चंद्र प्रकाश को आईजी सुरक्षा के पद पर तैनाती मिली है। इनके साथ शाहजहांपुर, एटा, महोबा, रामपुर, कौशांबी, चंदौली, अमरोहा, मऊ, जालौन, बहराइच, फिरोजाबाद, महराजगंज और हमीरपुर के एसपी-एसएसपी का तबादला किया गया है।

## क्या जम्मू-कश्मीर में शराब पर लगेगा बैन? बिक्री पर प्रतिबंध के लिए सदन में 5 बिल पेश; NC-PDP सहित कई दल आए आगे



**जम्मू/ जीएनएस।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को 33 निजी सदस्य विधेयक सूचीबद्ध हुए। इनमें से पांच शराब की बिक्री, उपभोग और उससे जुड़ी गतिविधियों पर प्रतिबंध या कड़े नियंत्रण लगाने से संबंधित हैं। क्षेत्र में बढ़ते नशे और शराब के दुरुपयोग के बीच यह पहली बार है जब विधायकों की ओर से इस तरह के प्रतिबंधों की इस तरह से मांग की गई हो।

शराब से जुड़े ये विधेयक एजेंडा के क्रमांक 26 से 30 के तहत सूचीबद्ध हैं और पहले की निजी सदस्य पहलों को आगे बढ़ाते हैं। इनमें से एक विधेयक नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक अली मोहम्मद सागर का है, जिसमें पूरे जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में शराब की बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। इसी तरह नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक शेख अहसान अहमद परदेसी ने लाल चौक विधानसभा क्षेत्र में शराब की बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने का प्रस्ताव रखा है (बिल संख्या 29, 2025)।

## बंगाल में टिकट बंटवारे से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं का बवाल



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** पश्चिम बंगाल में कांग्रेस पार्टी ने सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए है। लगभग सभी सीटों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उम्मीदवारों के लिए प्रचार करना शुरू कर दिया है। लेकिन पश्चिमी मेदनीपुर की सालबोनी विधानसभा सीट को लेकर पार्टी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यहां पर केंद्रीय नेतृत्व ने अरूप मुखर्जी का नाम आगे बढ़ाया गया था, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच में विधायक उम्मीदवार को लेकर असंतोष बना हुआ है। सोमवार को कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में जमकर नारेबाजी और तोड़फोड़ की। अपनी आवाज को ऊपर पहुंचाने के लिए उन्हें फर्नीचर को भी आग लगा दी। बता दें, पश्चिमी मेदनीपुर में स्थित यह सीट झाड़ग्राम लोकसभा के अंदर आती है। इस विधानसभा में करीब 2-2.5 लाख वोटर हैं। 2021 के चुनाव की बात करें, तो यहां पर टीएमसी के श्रीकांत महाता करीब 32 हजार वोटों से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे थे। दूसरे नंबर पर भाजपा के राजीव कुंडू थे, जबकि कांग्रेस पार्टी तीसरे नंबर पर रही थी। इस सीट पर पिछले तीन विधानसभा चुनावों से लगातार टीएमसी विजयी रही है।

## देश को बचाने का है वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव, अखिलेश ने कार्यकर्ताओं को दिए चुनावी तैयारी में जुटने के निर्देश



**लखनऊ/ जीएनएस।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को वर्ष 2027 के विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुटने के निर्देश दिए हैं।

सपा प्रमुख ने कहा कि वर्ष 2027 का विधान सभा चुनाव, देश को बचाने का चुनाव है। यह लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा ने प्रदेश को लूट लिया है। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। हर विभाग और हर कार्य में कमीशनखोरी और लूट है। बजट का पैसा विकास के बजाय भाजपा नेताओं की जेबों में जा रहा है।

सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि कार्यकर्ताओं की चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी है। विधान सभा चुनाव को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से भी बड़े अंतर से जीतना है। जीत का लक्ष्य बनाकर 2027 का लक्ष्य प्राप्ति के लिए बूथ स्तर पर पूरी ताकत से काम करना है। सपा को बदनाम करना भाजपा का एजेंडा है। देश जानता है, भाजपा सबसे झूठी पार्टी है। इसकी साख खत्म हो चुकी है। यही कारण है कि वह सत्ता से बाहर जा रही है। वहीं राष्ट्रीय सचिव एवं पंजाब प्रभारी कुलदीप सिंह भुल्लर के नेतृत्व में सिख समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सपा प्रमुख से भेंट की। बताया कि हरिद्वार स्थित ऐतिहासिक श्रीज्ञान गोदड़ी गुरूद्वारा को वर्ष 1984 में हटा दिया गया था। उसे अभी तक बनाने की अनुमति तथा जगह नहीं दी गई है। यह गुरुद्वारा उत्तर प्रदेश की कैनाल की जमीन पर बना था कुशीनगर से दौड़ते हुए लखनऊ पहुंचे चंदन यादव ने भी सपा प्रमुख से मुलाकात की। चंदन ने 23 मार्च को दौड़ शुरू की थी।

# बड़ी डील की तैयारी में भारतः पीएम मोदी की न्यूजीलैंड यात्रा जल्द, FTA पर हो सकता है साइन



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही न्यूजीलैंड की यात्रा पर जाने वाले हैं। इस यात्रा के दौरान भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर महत्वपूर्ण चर्चा और प्रगति की उम्मीद है। यात्रा की तारीखों की औपचारिक घोषणा अभी बाकी है। विश्व व्यापार संगठन की 14वीं मंत्री स्तरीय बैठक के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

इस बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित न्यूजीलैंड यात्रा को नई गति मिली है। दोनों पक्षों ने पीएम मोदी की आगामी यात्रा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। न्यूजीलैंड ने इस यात्रा को लेकर प्रबल उत्साह व्यक्त किया और कहा कि यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों की सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के साथ एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी जाने की संभावना है, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

दरअसल, मंत्रियों ने हाल ही में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर की दिशा में चल रही वार्ताओं पर चर्चा की। FTA के अलावा, कृषि और खेल क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी दोनों पक्षों के बीच विस्तृत बातचीत हुई। इसमें भारतीय किसानों को कीवी और सेब की खेती का प्रशिक्षण देने जैसी व्यावहारिक पहल शामिल हो सकती है, जो औपचारिक व्यापार समझौते से आगे बढ़कर दोनों देशों के बीच व्यावहारिक साझेदारी को बढ़ावा देने का संकेत देती है। इसी क्रम में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मई 2026 में कनाडा का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान वे व्यापार वार्ताओं और मुक्त व्यापार समझौते से जुड़ी चर्चाओं में हिस्सा लेंगे।

# एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र और लाखों परिवारों के स्वावलंबन का हैं आधार : मुख्यमंत्री

**राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने उपलब्ध करा रही है सहयोग और मार्गदर्शन**




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं। हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है। एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समर्थ एमएसएमई विकसित मध्यप्रदेश की थीम पर मुख्यमंत्री निवास में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी कर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने लघु उद्योग निगम की ओर से 8 करोड़ रूपए के अंतरिम लाभांश का चैक भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए और मुख्यमत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण भी किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का आयोजन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हो रहा है। यह भगवान महावीर के जनकल्याण और शुचिता के सिद्धांतों को साकार करने का भी प्रतीक है। प्रदेश में उद्योग-व्यापार गतिविधि और उद्यमिता प्रोत्साहित करने के लिए व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी हैं। राज्य सरकार उद्यमियों को लिए पूंजी, भूमि और व्यवस्थाओं में सरलता कर, उनकी प्रगति की राह को आसान बना रही है। विभाग द्वारा बड़ी राशि का सिंगल क्लिक से सीधे अंतरण व्यवस्था में सुगमता और स्पष्टता का परिचायक है। पूरे देश में मार्च क्लोजिंग का वातावरण है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा एमएसएमई इकाइयों और उद्यमियों को राशि और सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह प्रदेश में नए संकल्पों के साथ नया वित्तीय वर्ष आरंभ करने का भी प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही भारत स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की कुशल नीतियों से ही संभव है। जहां एक ओर विश्व के कई देशों में पेट्रोल-डीजल, गैस की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, वहीं हमारे देश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इनके मूल्यों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत समर्थ भी है और सक्षम भी।

सभी क्षेत्रों में हो रही है प्रगति ‒ मंत्री श्री काश्यप- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनता के बीच सक्रिय होने के साथ प्रशासनिक दृष्टि से भी निरंतर गतिशील हैं। उनके व्यापक और स्पष्ट दृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप प्रदेश उद्योग-व्यापार, कृषि, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने सहित सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विभाग में डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं। जिसके परिणामस्वरूप भूमि आवंटन प्रक्रिया को गति मिली है। प्रदेश के 25 औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्य जारी हैं, साथ ही 6 नए औद्योगिक क्षेत्र भी विकसित किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 7100 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश, देश के प्रमुख स्टार्टअप राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है। कार्यक्रम में एमएसएमई इकाई के संचालक, उद्यमी और बड़ी संख्या में स्टार्ट-अप्स मौजूद रहे।


## शराब के नशे में कार सवार युवकों ने किया हंगामा



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बिचौली मर्दाना में कार चालकों ने खूब हंगामा किया। पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की और सिपाही को चांटा जड़ दिया। कार्रवाई के लिए थाने ले गए तो संतरी पर हाथ उठा दिया। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, ड्रिंक एंड ड्राइव और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। आरोपियों को छुड़वाने के लिए रसूखदारों ने भी कॉल लगाए।

घटना कनाड़िया थाना क्षेत्र में के-2 ढाबा के समीप की है। आरोपित यशवर्धन रोहित खंडेलवाल निवासी साउथ तुकोगंज और करण पुत्र राजकुमार निवासी साउथ तुकोगंज हैं। दोनों शराब पार्टी कर लौट रहे थे। पुलिस लाइन से आए पुलिसकर्मियों ने कार (एमपी 09 डब्ल्यूएम 2288) को रोका और ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने लगे। शराब की पुष्टि होने पर सिपाही ने कार साइड में लगाने का कहा तो यशवर्धन भड़क गया और विवाद करने लगा। सिपाही को चांटा मारा और प्रधान आरक्षक पुनित चौबे की वर्दी पकड़ ली। विवाद बढ़ने पर पुलिसकर्मी यशवर्धन और करण को पकड़कर थाने पर ले गए। संतरी नारायण जाट ने नाम-पता पूछा तो उसको भी चांटा मार दिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज किया। अल्कोहल की मात्रा 265.9 मिलने पर ड्रिंक एंड ड्राइव का चालान बनाया और हंगामा करने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसीपी कुंदन मंडलोई की कोर्ट में पेश किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महावीर जयंती पर श्रमण मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महावीर जयंती पर श्रमण मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन समाज द्वारा संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा का इतवारा पहुंचकर स्वागत कर यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज सहित अन्य मुनिगण को श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप, प्रदेश महामंत्री श्री राहुल कोठारी, दिगम्बर पंचायत कमेटी के अध्यक्ष श्री पंकज जैन, सुपारी और श्वेताम्बर समाज के अध्यक्ष श्री राजेश तांतेड़ उपस्थित थे।

## इंदौर संभाग में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य एक अप्रैल के बजाय 10 अप्रैल से होगा प्रारंभ

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तिथियों में संशोधन किया गया है। जारी निर्देशानुसार इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में अब समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ होगा। पूर्व में इन संभागों में खरीदी कार्य एक अप्रैल से शुरू किया जाना प्रस्तावित था। इसके अतिरिक्त उपरोक्त संभागों को छोड़कर प्रदेश के अन्य सभी संभागों में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 15 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संबंधित जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि खरीदी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# प्रदेश में अधिक से अधिक हों जल संवर्धन और जल संरक्षण के कार्य : जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के गांव-गांव, नगर-नगर में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं। विभागीय अधिकारी समाज के सभी वर्गों एवं आमजन के सहयोग से अपने-अपने क्षेत्र में वृहत रूप से जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य कराएं और इस अभियान को पूरी तरह सफल बनाएं। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान गत 19 मार्च से चलाया जा रहा है जो तीन माह तक चलेगा।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने सोमवार को अपने निवास कार्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी बैठक लेकर अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा एवं जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में कराए जाने वाले कार्यों की कच्छारवार विस्तृत रूप रेखा तैयार कर आगामी 3 दिवस में प्रस्तुत की जाए। अभियान के सम्बन्ध में समय-समय पर विभाग द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक मैं बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा मुख्य रूप से जल संग्रहण स्रोतों के रख-रखाव एवं मरम्मत के अनुरूप अपूर्ण कार्यां को पूर्ण करना, निर्मित तालाब की पाल पर मिट्टी के कटाव अथवा अतिवर्षा से क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पुनः निर्माण किये जाने, तालाबों की पिचिंग, बोल्डर टो तथा घाट आदि के मरम्मत का कार्य, जल संरचनाओं के किनारों पर अतिक्रमण को रोकना, संपूर्ण नहर प्रणाली में घास, झाडी, छोटे पेड पोधे आदि की सफाई का कार्य एवं वृक्षारोपण, शहरी आबादी क्षेत्रों में प्रमुख नहरों का चिन्हाकंन व सीमांकन का कार्य, स्टाप डेम बैराज-वीयर के गेट इत्यादि की मरम्मत, बांध के फ्लस बार स्लूज बेल की मरम्मत तथा सफाई का कार्य, केचमेंट एरिया में अवरोध का चिन्हांकन कर उसे हटाना तथा अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य आदि कराए जा रहे हैं। अधिकारियों को सभी कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए गए।

# राजस्व वसूली में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई, 3 मस्टर वसूली सहायकों की सेवा समाप्त, 1 कर्मचारी निलंबित

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर राजस्व वसूली कार्य में लापरवाही बरतने और बिना सूचना के लंबे समय तक अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के तहत तीन मस्टर वसूली सहायकों की सेवा समाप्त कर दी गई, जबकि एक कर्मचारी को निलंबित किया गया है।

जानकारी के अनुसार, झोन क्रमांक 9 वार्ड क्रमांक 26 में कार्यरत मस्टर वसूली सहायक दिनेश पिता बदामी लाल चौहान पिछले 20 दिनों से बिना सूचना के अनुपस्थित थे। वहीं, इसी क्षेत्र के मस्टर वसूली सहायक तरुण पिता बने सिंह तोमर द्वारा राजस्व वसूली कार्य में लगातार लापरवाही बरती जा रही थी। दोनों को कार्य एवं हाजिरी से मुक्त कर सेवा समाप्त कर दी गई है।

इसी तरह झोन क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 10 में कार्यरत मस्टर वसूली सहायक अभिषेक महिपाल सरवन 9 फरवरी से लगातार अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित थे। इस पर निगम प्रशासन ने उन्हें भी कार्य एवं हाजिरी से मुक्त करते हुए सेवा समाप्त कर दी। वहीं जलकर विभाग में कार्यरत स्थायी बेलदार निलेश पिता राजाराम पाल, जो जलकर वसूली कार्य से जुड़े थे, जनवरी 2024 से लगातार अनुपस्थित पाए गए। विभाग द्वारा कई बार सूचना पत्र जारी किए जाने के बावजूद उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया। इसके चलते आयुक्त के निर्देश पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राजस्व वसूली जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## सरकारी स्कूलों में पढ़ाएंगे कलेक्टर समेत 162 अधिकारी, नए शैक्षणिक सत्र में होगा बहुत कुछ खास

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में 1 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होने जा रही है। शिक्षा विभाग ने इस बार सत्र के पहले दिन को उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। स्कूल पहुंचने वाले विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर और वंदन के साथ किया जाएगा। इस दौरान स्कूलों में विशेष बाल सभाओं का आयोजन होगा, जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह जगाया जा सके। सत्र के प्रारंभ में ही विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी सुनिश्चित किया गया है ताकि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए।

स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में एक विशेष कार्यक्रम 4 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस दिन जिले के 162 प्रशासनिक अधिकारी विभिन्न सरकारी स्कूलों में पहुंचेंगे और वहां विद्यार्थियों की क्लास लेंगे। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा स्वयं प्रताप नगर स्थित आश्रम क्रमांक 2 में जाकर बच्चों को पढ़ाएंगे और उनके साथ संवाद करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना और छात्रों का मनोबल बढ़ाना है। सत्र के पहले दिन विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोज की व्यवस्था की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी द्वारा इस संबंध में लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। विभाग का लक्ष्य नर्सरी से लेकर 12वीं तक के सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों की तर्ज पर आकर्षक बनाना है। इसके साथ ही साल की शुरुआत से ही शैक्षणिक गतिविधियों को पटरी पर लाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है।

नामांकन वृद्धि के लिए शिक्षकों का घर-घर संपर्क अभियान- सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षकों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। ज्यादा नामांकन अभियान के तहत प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिक्षक बच्चों के शैक्षिक स्तर का आकलन करेंगे और उन्हें स्कूल में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस रणनीति से विभाग को उम्मीद है कि इस वर्ष सरकारी स्कूलों में छात्रों का ग्राफ बढ़ेगा।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और अभिभावकों का सम्मान होगा- शिक्षा विभाग ने इस बार केवल छात्रों ही नहीं बल्कि उनके अभिभावकों को भी प्रोत्साहित करने की योजना बनाई है। जिन विद्यार्थियों ने पिछली कक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उनके माता-पिता को स्कूल स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि अभिभावकों के सम्मान से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और वे भविष्य में और भी बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रेरित होंगे।

## 31 मार्च तक सरचार्ज में विशेष छूट, बकाया संपत्ति कर व जलप्रभार जमा करने का अंतिम मौका

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम इंदौर द्वारा नागरिकों को बकाया कर जमा करने के लिए बड़ी राहत दी गई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त क्षितिज सिंघल और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर संपत्ति कर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के बकाया भुगतान पर सरचार्ज में विशेष छूट दी जा रही है। यह छूट 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी, इसके बाद बकाया राशि सरचार्ज सहित जमा करनी होगी।

अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने में अब केवल दो दिन शेष हैं, ऐसे में राजस्व वसूली को प्राथमिकता देते हुए नागरिकों को यह अवसर दिया जा रहा है कि वे अपने लंबित करों का आसानी से निराकरण कर सकें। निगम मुख्यालय और सभी जोनल कार्यालयों पर बकाया राशि जमा की जा सकती है।

नगर निगम के अनुसार संपत्ति कर के मामलों में 50 हजार रुपये तक के बकाया पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार से 1 लाख रुपये तक के बकाया पर 50 प्रतिशत तक की छूट और 1 लाख रुपये से अधिक बकाया पर 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। वहीं जलकर के मामलों में 10 हजार रुपये तक के बकाया पर 100 प्रतिशत छूट, 10 हजार से 50 हजार रुपये तक पर 75 प्रतिशत छूट और 50 हजार रुपये से अधिक बकाया पर 50 प्रतिशत तक सरचार्ज में राहत प्रदान की जा रही है।

महापौर और आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक नागरिकों को इस योजना का लाभ दिलाया जाए और वसूली लक्ष्य को पूरा किया जाए। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मार्च 2026 तक अपने बकाया करों का भुगतान कर सरचार्ज में दी जा रही छूट का लाभ उठाएं और शहर के विकास में सहभागी बनें।

## आईटीआर के नाम पर बढ़ रहे साइबर फ्रॉड, फर्जी लिंक और मैसेज से रहें सावधान




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वित्तीय वर्ष समाप्त होते ही जहां लोग आयकर रिटर्न (ढ्ढञ्जक्र) भरने की प्रक्रिया में जुट जाते हैं, वहीं साइबर ठग भी सक्रिय हो जाते हैं और इसी का फायदा उठाकर लोगों को निशाना बनाते हैं। हाल ही में आईटीआर भरने, रिफंड दिलाने, केवाईसी अपडेट कराने या रिटर्न में गलती सुधारने के नाम पर फर्जी मैसेज, ईमेल और लिंक भेजकर ठगी के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

साइबर अपराधी आम लोगों को टैक्स रिफंड या आईटीआर अपडेट के नाम पर आकर्षक संदेश भेजते हैं और उन्हें एक लिंक पर क्लिक करने के लिए कहते हैं। जैसे ही व्यक्ति उस लिंक पर क्लिक करता है, उसकी निजी जानकारी जैसे बैंक डिटेल्स, ओटीपी या अन्य संवेदनशील जानकारी ठगों के हाथ लग जाती है, जिससे खाते से पैसे निकाले जा सकते हैं।

विशेषज्ञों और पुलिस ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। किसी भी अनजान या संदिग्ध मैसेज, ईमेल या लिंक पर बिना सत्यापन किए क्लिक न करें और अपनी व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें। आईटीआर से संबंधित सभी कार्य केवल आयकर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही करें।

## महिला इंजीनियर के हत्यारे पिता-पुत्र को घटनास्थल लेकर पहुंची पुलिस, रहवासी बोले 'जूते मारो'

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंजीनियर शंपा पाठक को तेज रफ्तार कार से कुचलने वाले पिता और पुत्र को आज पुलिस घटनास्थल पर ले गई। लसूड़िया क्षेत्र की शिव वाटिका टाउनशिप में जब पुलिस दोनों को लेकर गई तो रहवासियों ने जूते मारो के नारे लगाए और अपना गुस्सा जाहिर किया। रविवार को रिमांड अवधि समाप्त होने पर कोर्ट में पेशी से पहले पुलिस दोनों आरोपियों को घटना स्थल यानी शिव वाटिका बिल्डिंग लेकर पहुंची। यहां पुलिस का मुख्य उद्देश्य चश्मदीद चौकीदार और अन्य स्थानीय लोगों से आरोपियों की शिनाख्त करवाना था। जैसे ही पुलिस आरोपियों को लेकर बिल्डिंग परिसर में दाखिल हुई, वहां का माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोपी मोहनीश उर्फ मोहित चौधरी और उसके पिता कुलदीप को अपने सामने देखकर रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। लोग आरोपियों द्वारा की गई घटना से काफी आक्रोशित नजर आए।

लसूड़िया थाना प्रभारी टीआई तारेश सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों से कार पार्किंग के विवादित स्थान को लेकर विस्तृत पूछताछ की। इस दौरान बिल्डिंग के गेट पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे। भीड़ की नाराजगी और बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पुलिस को सुरक्षात्मक रुख अपनाना पड़ा। स्थिति यहां तक पहुंच गई थी कि मौजूद लोगों ने आरोपियों पर जूते मारने और सख्त सजा देने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बिगड़ते हालात को संभालते हुए पुलिस ने जल्द ही शिनाख्त की प्रक्रिया पूरी की और दोनों को सुरक्षित वहां से निकाल लिया। घटना स्थल से वापस लाने के बाद पुलिस दोनों आरोपियों को लेकर कोर्ट पहुंची। टीआई ने जानकारी साझा की कि आरोपियों की दो दिन की रिमांड रविवार को पूरी हो चुकी है, जिसके बाद उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत पेश किया जा रहा है।

# लौट आया राजा रघुवंशी? हत्या के बाद घर में गूंजी किलकारी, जिस वक्त मृत्यु, उसी समय हुआ जन्म



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड के महीनों बाद रघुवंशी परिवार के लिए खुशी की खबर आई है। परिवार के जिस सदस्य को कुछ समय पहले एक साजिश के तहत खो दिया गया था, उसी की यादों के बीच घर में एक नन्हे बालक का जन्म हुआ है। इस नवजात के आगमन ने परिवार के पुराने जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया है। पूरे घर में अब शोक की जगह उत्सव का माहौल है और सभी सदस्य इसे ईश्वर का चमत्कार मान रहे हैं। पुजारी की भविष्यवाणी सच हुई

राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने इस मौके पर एक पुराने प्रसंग का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि राजा की तेहरवीं के समय कामाख्या मंदिर के पुजारी ने एक विशेष बात कही थी। पुजारी के अनुसार राजा की मृत्यु अकाल और अस्वाभाविक थी, इसलिए उसकी आत्मा किसी न किसी रूप में परिवार में वापस लौट सकती है। नौ भाइयों के इस बड़े परिवार में अब सचिन रघुवंशी के घर बेटे का जन्म हुआ है। विपिन का मानना है कि उनकी भाभी, जो राजा को छोटे भाई की तरह नहीं बल्कि बेटे की तरह स्नेह देती थीं, उन्होंने ही उसे दोबारा जन्म दिया है।

ग्यारस और समय का अद्भुत संयोग- परिवार इस जन्म को महज एक इत्तेफाक नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक संकेत मान रहा है। परिजनों के अनुसार जिस दिन राजा की हत्या हुई थी, उस दिन भी ग्यारस की तिथि थी और आज भी ग्यारस का ही दिन है। सबसे चौंकाने वाला तथ्य समय का मेल है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक राजा की मृत्यु दोपहर 2ः40 बजे के करीब हुई थी, जबकि इस बालक का जन्म भी दोपहर 2ः42 बजे हुआ है। समय और तिथि के इस सूक्ष्म अंतर ने परिवार के इस विश्वास को पुख्ता कर दिया है कि उनका राजा वापस आ गया है।

बिना कुंडली के रखा गया नाम - नवजात का नाम बिना किसी ज्योतिषीय परामर्श या कुंडली देखे %राजा% ही रख दिया गया है। राजा की मां उमा रघुवंशी भावुक होते हुए कहती हैं कि जब वे बच्चे को उसके नाम से पुकारती हैं, तो वह इस तरह प्रतिक्रिया देता है जैसे वह सबको पहले से पहचानता हो। मां ने इस खुशी को भोलेनाथ का आशीर्वाद बताया है। उनका कहना है कि जिस समय उनके बेटे ने प्राण त्यागे थे, लगभग उसी समय उसका पुनरागमन होना उनके दुखों को कम करने वाला है।

न्याय की गुहार - जहां एक तरफ परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं दूसरी तरफ न्याय की लड़ाई अभी जारी है। रघुवंशी परिवार ने प्रशासन और न्यायालय से गुहार लगाई है कि इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए। वे चाहते हैं कि मुख्य आरोपी सोनम और उसके साथियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि दिवंगत आत्मा को पूर्ण न्याय मिल सके।

जेल में हैं सभी आरोपी- विदित हो कि 11 मई 2025 को राजा और सोनम का विवाह हुआ था, जिसके बाद 20 मई को वे मेघालय घूमने गए थे। वहां 24 मई को राजा लापता हो गए और काफी खोजबीन के बाद 2 जून को उनका शव एक गहरी खाई से बरामद हुआ था। जांच में पता चला कि यह एक सोची-समझी साजिश थी। वर्तमान में मुख्य आरोपी पत्नी सोनम सहित राज कुशवाह, विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी जेल की सलाखों के पीछे हैं।

# बिना अनुमति सड़कों की खुदाई करने वालों के विरुद्ध नोटिस जारी कर वसूली की जाए : कलेक्टर अदिति गर्ग

## पीएम राहत योजना में अस्पताल पंजीयन करवाएं, पुलिस संग मिलकर आरटीओ वाहन चेकिंग करें



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा एवं पीएम राहत योजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले के सभी नर्सिंग होम एवं निजी अस्पताल पीएम राहत योजना के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पंजीयन करवाएं, जिससे सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने तथा अपंजीकृत निजी अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीएम राहत पोर्टल का नियमित अवलोकन करने एवं जरूरतमंदों को स्वप्रेरणा से योजना का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। बैठक में परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि ओके रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया। कलेक्टर ने नगरीय निकायों को पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन कर उन्हें जीआईएस पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही वाहन फिटनेस, बीमा एवं चेकिंग की कार्यवाही नियमित रूप से पुलिस विभाग के साथ समन्वय बनाकर करें तथा साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

बिना बीमा वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। स्कूल वाहनों की जांच कर उनकी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को उज्जैन-गरोठ मार्ग पर आवश्यक सुधार कार्य करने एवं 1 अप्रैल से टोल प्लाजा पर कैशलेस व्यवस्था लागू करने को कहा गया। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई मार्गों पर एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में ब्लैक स्पॉट्स पर एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने, खुले कुओं को जाली से ढंकने एवं उनकी जानकारी जीआईएस पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। नल-जल योजना के तहत बिना अनुमति सड़कों की खुदाई करने वालों के विरुद्ध नोटिस जारी कर वसूली की कार्रवाई करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए गए। एलईडी हेडलाइट के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ट्रैफिक पुलिस को रात्रि में विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का विरोध, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में बढ़ती जनसमस्याओं और केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में आम जनता, किसानों और मजदूर वर्ग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने बिजली बिलों में बढ़ोतरी को वापस लेने, गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी करने और आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा सहकारी समितियों में किसानों को राहत देने और हाल ही में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की बात भी प्रमुखता से रखी गई। मनासा क्षेत्र के खिमला औद्योगिक प्लांट में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही मृतक मजदूरों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की बात कही गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आमजन और किसान वर्ग परेशान है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से समस्याओं का त्वरित समाधान करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशा सांभर, बृजेश मित्तल, गजेंद्र यादव, मुकेश कालरा, पूर्व पार्षद हारून रशीद, योगेश प्रजापति, मोनू लोक्स सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सत्संग भक्ति का फल कभी निष्फल नहीं जाता - पं. पुष्कर नागदा



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सत्संग और भक्ति के महत्व को बताते हुए भागवत आचार्य पंडित पुष्कर नागदा महाराज ने कहा कि सत्संग के बिना जीवन में विवेक नहीं आता और संतों के सानिध्य से मनुष्य का जीवन स्वर्ण समान बन जाता है। उन्होंने कहा कि सत्संग भक्ति करने वालों को कभी दुःख नहीं होता और इसका पुण्य फल कभी निष्फल नहीं जाता।

वे बालाजी कुड़ी हनुमान मंदिर परिसर में काना खेड़ा, रातड़िया, बिजलवास और बामणिया गांवों के ग्रामीणों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव पुण्य कर्म करते रहना चाहिए, क्योंकि मृत्यु के बाद साथ केवल कर्म ही जाते हैं।

महाराज ने कहा कि गंगा स्नान से शरीर पवित्र होता है, जबकि भागवत कथा के श्रवण से मन शुद्ध होता है। उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ते स्वार्थ और आपसी कलह पर चिंता व्यक्त करते हुए श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाई-भाई के प्रेम और त्याग से ही रामराज्य की स्थापना संभव है।

प्रवचन के दौरान नारद मुनि, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, अजामिल कथा सहित अनेक धार्मिक प्रसंगों के माध्यम से जीवन में नैतिकता और धर्म के महत्व को समझाया गया। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा ही सच्चा सत्संग है और दान-पुण्य से जीवन का कल्याण होता है।

कृष्ण जन्म प्रसंग पर भक्ति में डूबे श्रद्धालु- भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का सजीव चित्रण किया गया। जैसे ही बालकृष्ण का जन्म प्रसंग आया, भक्ति पांडाल में श्रद्धालु झूम उठे। टोकरी में सजे बालकृष्ण के रूप में नन्हे गोरांश को सजाकर मंच पर लाया गया, जिसे देख श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

इस अवसर पर नंद बाबा की भूमिका पप्पु भैया और यशोदा मैया की भूमिका रेखा नागदा ने निभाई। आरती एवं पोथी पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

## जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में गांधी चौराहा पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि एवं अप्रयाप्त उपलब्धता, पेट्रोल-डीजल की कमी तथा 01 अप्रैल से प्रस्तावित बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरोध में केंद व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आमजन महंगाई की मार झेल रहा है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं के लिए लोगों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, जो सरकार की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर टैक्स में राहत देकर कंपनियों को लाभ पहुंचाया है, लेकिन आम जनता को इसका कोई फायदा नहीं मिला। वहीं राज्य की मोहन यादव सरकार द्वारा 1 अप्रैल से बिजली दरों में वृद्धि का निर्णय पूरी तरह जनविरोधी है, जिसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। प्रदर्शन के पश्चात महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन मंडलम अध्यक्ष रमेश ब्रिजवानी ने किया । संचालन अजय मारू ने किया जबकि आभार ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. घनश्याम कुमावत ने व्यक्त किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव सोमिल नाहटा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हनीफ शेख, जिला कांग्रेस पदाधिकारी तरुण खींची, सुनीता बंडी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष यूनुस मेव, उद्योग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष निर्विकार रातडिया, प्रवीण मांगरिया,अंबालाल हिंगोरिया, सुनील गुप्ता, मंडलम अध्यक्ष रमेश ब्रिजवानी, अजय मारू, वकार खान, पंकज जोशी, पार्षदगण शैलेंद्र गोस्वामी, प्रीतम पंचोली, सुश्री रुखसार गोरी, सागर अंसारी, दुर्गेश चंदेल, डॉ. ईश्वरलाल पाटीदार, मनोहर गुर्जर, सादिक गोरी, कैलाश कुमावत, आयुष माली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भानपुरा पुलिस ने दो किलो अफीम समेत कोटा के युवक को पकड़ा, एक फरार



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भानपुरा थाना पुलिस ने मुखबीर सूचना पर दो किलो अफीम समेत राजस्थान के कोटा जिला निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाकर थाना निरीक्षक आरसी दांगी एवं उनकी टीम द्वारा की गई है। पुलिस के अनुसार नशे के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत 30 मार्च को मुखबीर सूचना मिली। इस पर थाना प्रभारी निरीक्षक आरसी दांगी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। उपनिरीक्षक बापूसिंह बामनिया एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने भानपुरा-झालावाड़ रोड पर ग्राम भगवानपुरा के पास से एक बाईक को रोका। बाईक पर सवार आरोपी ने अपना नाम लोकेश पिता जुगल प्रजापति निवासी ग्राम भोलू थाना चेचट जिला कोटा राजस्थान का होना बताया। तलाशी में उसके कब्जे से 2 किलो 05 ग्राम अवैध अफीम मिली। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया तथा पूछताछ में उसने बताया कि वह बरामद अफीम अपने गांव के ही रामरतन पिता मेहताब किरार निवासी ग्राम भोलू थाना चेचट से लाया था, जिसे भी प्रकरण में आरोपी बनाकर उसकी तलाश शुरू की गई है। आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त किया जाकर आगे की तहकीकात की जा रही है।

## यशोधर्मन थाना पुलिस ने पकड़ा डोडाचूरा व एमडी ड्रग्स




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** यशोधर्मन नगर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 किलो डोडाचूरा एवं 530 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है। मुखबीर सूचना पर उच्च अधिकारियों के निर्देशन में यह कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यशोधर्मन नगर थाना निरीक्षक शिवांशु मालवीय एवं टीम द्वारा मुखबीरी पर 29 मार्च को स्टील नगर के सामने मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर के समीप एक कार को रोक कर तलाशी ली गई। टीम में शामिल उपनिरीक्षक हेमंत शर्मा एवं अधिनस्थ पुलिसकर्मियों ने कार की तलाशी में 530 ग्राम एमडी ड्रग्स एवं 5 किलो डोडा चूरा पाया। मौके से कार चालक आरोपी रमेशचन्द्र पिता टेकचन्द पाटीदार 48 वर्ष निवासी ग्राम रठाना थाना अफजलपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त कर उससे मादक पदार्थ के खरीद-फरोख्त के संबंध में जानकारी एकत्र की जाएगी।

## मौसम का 'डबल वार'! राहत भी और किसानों पर आफत भी, नीमच में बारिश-ओलावृष्टि से बदला माहौल, खेतों में बढ़ी चिंता



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में मौसम ने ऐसा यू-टर्न लिया कि लोगों को एक साथ राहत और चिंता दोनों का सामना करना पड़ा। दिनभर की झुलसाती गर्मी और उमस के बाद शाम होते-होते तेज हवाओं के साथ बारिश और कई इलाकों में ओलावृष्टि ने दस्तक दे दी।

बारिश ने जहां आम लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं खेतों में गिरे ओलों ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। फसलों को संभावित नुकसान की आशंका के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में चिंता का माहौल है।

शहर में ठंडी हवाओं और बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया, लेकिन ग्रामीण इलाकों में यह बदलाव राहत से ज्यादा नुकसान की आशंका लेकर आया है। कुछ क्षेत्रों में हल्की तो कहीं तेज बारिश दर्ज की गई, जिससे खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हो सकती हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में बने सिस्टम और छत्तीसगढ़ की ओर से गुजर रही ट्रफ लाइन के कारण प्रदेश में मौसम अस्थिर बना हुआ है। यही वजह है कि आने वाले दिनों में भी तेज हवाएं, गरज-चमक और वज्रपात की स्थिति बनी रह सकती है।

## दोस्ताना अंदाज में आहुत हुई नपा की बजट बैठक, 545 करोड़ का दिखाया बजट

### संपत्ति एवं जलकर में नहीं की गई बढ़ोतरी, कई नवीन कार्यों हेतु हुआ प्रावधान




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिका मंदसौर की बजट बैठक सोमवार को दोस्ताने अंदाज में हुई। इस दौरान कुल 545 करोड़ का बजट बताया गया। बचत भी दर्शाई गई। कई नए कार्यों के लिए भी राशि प्रावधान किया गया। बैठक की अध्यक्षता नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने की, वहीं आसंदी पर सीएमओ पीके सुमन एवं राजस्व सभापति कौशल्या बंधवार विराजमान रहे। नपा में कुल 40 वार्ड हैं। इसमें 30 भाजपा से तो 8 कांग्रेस एवं 2 पार्षद निर्दलीय की भूमिका में हैं।

भाजपा से वार्ड 3 से जीते पार्षद वर्तमान में नपाध्यक्ष चुने हुए हैं। बैठक में दो कांग्रेस पार्षद शुरू से नदारद रहे। बैठक के बीच में कांग्रेस से कुछ पार्षद नदारद हो गए। हालांकि, इसके पूर्व माईक पर जाकर अपना पक्ष जरूर रखा गया। उधर, भाजपा के पार्षद और सभापतियों ने भी अपना-अपना बजट वाला पक्ष रखा। बैठक के अंतिम समय में पार्षद राम कोटवानी एवं नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी ने कुछ समय कड़े सवाल-जवाब किए। बैठक के पूर्व दर्शक दीर्घा में अनेक लोग उपस्थित हुए, लेकिन अंत समय में गिनती के लोग जमा रहे। ज्ञातव्य है कि मंदसौर जिले में एक लोकसभा तो एक राज्यसभा सांसद हैं। एक कांग्रेस से विधायक हैं। ऐसे में लोकसभा सांसद प्रतिनिधि कपिल भंडारी बैठक में उपस्थित नहीं सके, वहीं राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि के रूप में पूर्व सभापति रहे मुकेश खिमेसरा मौजूद रहे। कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि रूप में पूर्व नपाध्यक्ष हनीफ शेख रहे। बजट बैठक में पूर्व में भाजपा से नपाध्यक्ष रहे पार्षद राम कोटवानी एवं कांग्रेस से नपाध्यक्ष रहे तथा विधायक प्रतिनिधि के रूप में हनीफ शेख ने भी माईक पर आकर अपना पक्ष रखा। लेखापाल गौरव नलवाया ने पूरा ब्यौरा रखा। बजट बैठक में विचार विमर्श के उपरांत 5 अरब 45 करोड़ 38 लाख 17 हजार 300 रुपये की अनुमानित आय, 5 अरब 43 करोड़ 86 लाख 67 हजार 300 रुपये के अनुमानित व्यय को मंजूरी प्रदान मिली। वहीं 01 करोड़ 51 लाख 50 हजार रु. की बचत संभावित रही। नपा परिषद के इस बजट में जनता पर वित्तीय भार नहीं पड़े, इसके लिये नपा ने सम्पत्तिकर एवं जलकर की दरों में किसी भी प्रकार की कोई वृद्धि नहीं की है।

## आरओ वॉटर एसोसिएशन का गठन, पानी की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के निवासियों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मंदसौर आर.ओ. वॉटर एसोसिएशन का औपचारिक गठन किया गया है। रविवार को एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से संस्था की रूपरेखा तैयार की गई। एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष तेजपाल जी चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को और अधिक बेहतरीन और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि काफी लंबे समय के अंतराल के बाद पानी की प्रति केन की दरों में कुछ वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी अरुण शर्मा, प्रेम कोठारी, आशीष मित्तल, पीयूष जैन, वैभव जैन भी मौजूद थे। संस्था के पदाधिकारियों का कहना है कि लागत में वृद्धि और आधुनिक शुद्धिकरण तकनीकों को बनाए रखने के लिए यह मूल्य वृद्धि आवश्यक थी। पत्र के माध्यम से एसोसिएशन ने मंदसौर के सभी सम्मानित ग्राहकों को सूचित किया है कि यह वृद्धि केवल ग्राहकों को बेहतर सुविधा और शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है।

## गंगा संवर्धन अभियान में सभी विभाग कार्य योजना अनुसार अविलंब कार्य प्रारंभ करें - सीईओ



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन की सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में समीक्षा बैठक ली। बैठक में जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यात्रीकी, शिक्षा विभाग, वन विभाग, जन अभियान परिषद, उद्यानिकी कृषि, उद्योग, जिला शहरी विकास अभिकरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अमले को निर्देशित किया, कि नीमच जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्य योजना अनुसार चिन्हित कार्यो को जन सहयोग से प्रारंभ कराए और जहां पर विभागीय बजट उपलब्ध है वह उन कार्यो को अविलंब प्रारंभ करें। जिले में पुराने वर्षो के कार्य 30 अप्रैल की समय सीमा में पूर्ण करवाए। इन कार्यो की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी। सभी विभाग कार्ययोजना अनुसार क्रियान्वयन करें एवं रिपोर्टिंग करना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री वैष्णव ने बैठक में सभी विभागों एवं ग्रामीण विकास विभाग के अमले को निर्देशित किया, कि अच्छे कार्य और जन सहयोग सुनिश्चित करते हुए जन जागरूकता हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रचार- प्रसार सुनिश्चित करें। जल गंगा संवर्धन अभियान की ग्रेडिंग के पैरामीटर अनुसार सभी बिंदुओं पर बैठक में चर्चा की गई और राज्य स्तरीय ग्रेडिंग अनुसार जिले में भी उपयंत्री की सेक्टरवार ग्रेडिंग करने के निर्देश, संबंधितों को दिए गए।

## सिंगोली नगर परिषद के विशेष सम्मेलन की बैठक सम्पन्न, 19 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार को नगर परिषद के विशेष सम्मेलन की बैठक परिषद उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़ की अध्यक्षता में परिषद कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसमें नगर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री धाकड़ की उपस्थिति में पार्षदों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया और बैठक में रखे गए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक की शुरुआत प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी कपिल राजावत के स्वागत सत्कार से हुई तत्पश्चात वित्तीय वर्ष 2026-27 के लगभग 19 करोड़ रुपये के आय-व्यय बजट पर चर्चा की गई, जिसे परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में नगर में नगर परिषद के नवीन कार्यालय भवन हेतु 4 करोड़ 25 लाख रुपए का प्रावधान किया गया वही नगर के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क और नाली निर्माण करवाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया जिससे जनता को गंदगी से निजात मिलेगी गया बैठक के दौरान उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़ राजेश भंडारी सुनील सोनी सहित निकाय क्षेत्र के पार्षदगण उपस्थित थे।

## त्रिशला नन्दनं वीर की जय बोलो महावीर की का जयकारा हुआ बुलंद

**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिंगोली में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य अर्ह योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज ससघ के सानिध्य में सोमवार को नगर के सकल जैन समाज द्वारा भव्य महावीर जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया इस दोरान मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज ने स्थानीय गोतमालय भवन के प्रांगण में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 10 वर्ष पूर्व मै नगर मै महावीर जन्मोत्सव पर विराजमान था और आज भी हूँ इतिहास दोहरा गया एवं धर्म का महत्व बताते हुए बताया कि न धर्मो धर्मकै विना अर्थात् धर्म धार्मिकों के बिना नहीं हो सकता इस धर्म का प्रारंभ प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ से हुआ ओर उन के माध्यम से असि , मसि , कृषि, विद्या, वाणिज्य, शिल्प आदि का ज्ञान दिया जिससे हमारे देश की अर्थ व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है एवं आदिनाथ ?के पुत्र भरत के नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा यह जैन धर्म अनेक युगों से चला आ रहा है क्योंकि तभी तो आदिनाथ से महावीर तक चला मुनि श्री प्रणम्य सागर ने कहा कि?÷धर्मो रक्षति रक्षतः धर्मः जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उस की रक्षा करेगा जैन धर्म किसी भी धर्म का अंश नहीं है हमे एकता से बोलना चाहिए हम जैन है क्योंकि धर्म वह है जिससे हमे ओर सर्व जगत के प्राणी को शांति मिले जैन वह है जो हिंसा आदि का कार्य नहीं करता वह हिंदू भी जैन है शेर की पर्याय मै रहने वाला जीव मुनि के उपदेश मांस भक्षण छोड़कर महावीर बन सकता है तो इस संसार में रहने वाला प्रत्येक प्राणी तीर्थंकर बन सकता है आचार्य समंतभद्र स्वामी महाराज कहते है कि एक डॉग भी धर्म के प्रभाव से गॉड बन सकता है धर्म वह है जो प्राणी मात्र कों सुख की राह दिखाते क्यों कि महावीर भगवान का संदेश है कि अहिंसा परमो धर्मः धार्मिकों जीवित रखने के लिए हिंसा आदि परिणाम त्याग करके मैत्री सदभाव आदि धारण करना एवं जैन धर्म को समझो आज वह अनुपम दृश्य देखने को मिल रहा कि सिंगोली मै दिगंबर श्वतांवर दोनों मिल कर महावीर की जय कारा लगा कर आप महानुभावों ने एक दिव्य आगाज किया इस अवसर बोराव बिजोलिया चेची कांकरिया तलाई झांतला दिल्ली बेगु आदी।

# सम्पादकीय

## माओवादी मुक्ति से शांति एवं संतुलन की नई संभावनाएं

भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और लोकतांत्रिक राष्ट्र के सामने आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियां हमेशा से बहुआयामी रही हैं। इन चुनौतियों में नक्सलवाद या माओवादी हिंसा एक ऐसी समस्या रही, जिसने दशकों तक देश की आंतरिक शांति, विकास और सुशासन को गंभीर रूप से प्रभावित किया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार और आंध्र प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में माओवादी गतिविधियों ने न केवल विकास को अवरुद्ध किया, बल्कि हजारों निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों की जान भी ली। लेकिन आज जब बस्तर जैसे माओवादी गढ़ से 25 लाख के इनामी सरगना पापा राव का अपने साथियों सहित आत्मसमर्पण करना एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आया है, तब यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत माओवादी मुक्ति की ऐतिहासिक दहलीज पर खड़ा है। नक्सलवाद की जड़ें सामाजिक-आर्थिक असमानता, उपेक्षा और शोषण में रही हैं, लेकिन समय के साथ यह आंदोलन अपने मूल उद्देश्यों से भटककर एक हिंसक और विध्वंसकारी विचारधारा में बदल गया। माओवादी संगठन न केवल विकास कार्यों में बाधा डालते रहे, बल्कि उन्होंने स्थानीय लोगों को भय और हिंसा के माध्यम से नियंत्रित किया। स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य केंद्र जैसे बुनियादी ढांचे को नष्ट करना उनकी रणनीति का हिस्सा बन गया था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि यह आंदोलन अब जनहित का नहीं, बल्कि सत्ता और नियंत्रण का माध्यम बन चुका है।

भारत सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद/माओवाद से मुक्त करने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, वह अब लगभग अपनी अंतिम अवस्था में पहुंचता दिखाई दे रहा है। पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों के आत्मसमर्पण, सुरक्षा बलों की आक्रामक एवं रणनीतिक कार्रवाई तथा प्रभावित क्षेत्रों में तेज़ी से हुए विकास कार्यों ने माओवादी आंदोलन की जड़ों को कमजोर कर दिया है। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में माओवादी हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। विशेष रूप से शीर्ष नेतृत्व के आत्मसमर्पण, जैसे दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्यों के सरेंडर ने संगठन को नेतृत्वहीन कर दिया, जिससे माओवादी संरचना भीतर से कमजोर पड़ गई। इस सफलता के पीछे सरकार की बहुआयामी रणनीति रही, जिसमें केवल सैन्य-पुलिस कार्रवाई ही नहीं, बल्कि विकास, पुनर्वास और प्रशासनिक पहुंच को भी समान महत्व दिया गया। रेड कॉरिडोर क्षेत्रों में सड़कों और पुलों का निर्माण, मोबाइल टावरों के माध्यम से 4जी नेटवर्क का विस्तार, स्कूलों और आईटीआई संस्थानों की स्थापना ने इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा। वहीं 'फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों' की रणनीति के माध्यम से सुरक्षा बलों ने माओवादियों के गढ़ों में घुसकर निर्णायक कार्रवाई की। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता, रोजगार और समाज में पुनर्स्थापना की व्यवस्था ने भी माओवादी कैडर को हथियार छोड़ने के लिए प्रेरित किया। यह समन्वित रणनीति, दूरदर्शिता और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है कि देश आज नक्सलवाद के अंत के ऐतिहासिक चरण के निकट खड़ा दिखाई दे रहा है।

निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए बहुआयामी और दृढ़ रणनीति अपनाई। गृहमंत्री अमित शाह की सूझबूझ और स्पष्ट दृष्टिकोण ने इस अभियान को एक नई दिशा दी। सरकार ने एक ओर जहां सुरक्षा बलों को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण और संसाधनों से सशक्त किया, वहीं दूसरी ओर विकास योजनाओं को भी गति दी। 'सुरक्षा और विकास' के इस दोहरे दृष्टिकोण ने माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखी। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए सघन अभियानों ने माओवादी नेटवर्क को गहराई से कमजोर किया है। बस्तर, जो कभी माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था, वहां आज आत्मसमर्पण की घटनाएं बढ़ रही हैं। पापा राव जैसे शीर्ष माओवादी नेता का आत्मसमर्पण इस बात का संकेत है कि माओवादी संगठन अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह केवल एक व्यक्ति का आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि एक विचारधारा के पतन का प्रतीक है।

माओवादी मुक्ति का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि देश के उन क्षेत्रों में शांति और स्थिरता स्थापित होगी, जो लंबे समय से हिंसा की चपेट में रहे हैं। जब बंदूकें खामोश होंगी, तब विकास की आवाज बुलंद होगी। सड़कें बनेंगी, स्कूल खुलेंगे, अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ेंगी और सबसे महत्वपूर्ण, लोगों के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का संचार होगा। आदिवासी और ग्रामीण समुदाय, जो अब तक भय और असुरक्षा में जी रहे थे, वे अब अपने अधिकारों और अवसरों का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही, माओवादी हिंसा के समाप्त होने से भारत की आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी।

## मनुष्य सृष्टि का शिखर है तथा आत्मबोध सृष्टि के आनंद का आधार



परमपिता परमात्मा को हम सत-चित-आनंद कहते हैं। सत् माने सत्य। सत् पुरुष वह ईश्वर है जो स्वयं सृष्टि में वास्तविक भाग नहीं लेता है, बल्कि उत्प्रेरक है। उदाहरणार्थ मैं सब काम कर रहा हूं, लेकिन प्रकाश के बिना मैं कुछ नहीं कर सकता। प्रकाश मेरे कार्य का आधार है, लेकिन प्रकाश किसी भी तरह से मेरे द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में कुछ नहीं करता है। इसी प्रकार सर्वशक्तिमान ईश्वर प्रकाश के समान साक्षी मात्र हैं। उनका एक अन्य गुण चित है। यह ध्यान है। जब यह स्पंदित होता है, तब वह अपने ध्यान से रचना करना शुरू कर देते हैं। और उनका एक तीसरा गुण है जिसे हम आनंद कहते हैं। आनंद, अनुभूति है जो उन्हें अपनी धारणा से, अपनी रचना से मिलती है। ये तीनों चीजें - सत्-चित-आनंद - जब ये एक शून्य बिंदु पर होती हैं जहां ये मिलती हैं, तब ये ब्रह्म का सिद्धांत बन जाती हैं।

आनंद जब सृष्टि के साथ चलने लगता है, तो सृष्टि शुरू होती है, पहले सत् या सत्य अवस्था से असत् अर्थात् माया से नीचे उतरती है। और उस समय, सृष्टि काम करना शुरू कर देती है और जब यह काम करना शुरू कर देती है, तो भगवान का भावनात्मक पक्ष भी स्थूल और स्थूल होने लगता है। व भौतिक संसार का निर्माण होता है।

अब इस प्रक्रिया का एक और हिस्सा तब शुरू होता है जब आप सर्वशक्तिमान ईश्वर को वापस प्राप्त कर रहे होते हैं। धीरे-धीरे स्थूल भाग प्रबुद्ध होने लगते हैं। तो आनंद भी अपनी अभिव्यक्ति को बदलना शुरू कर देता है, और आनंद की व्यापक सीमा आपके हाथ में आ जाती है। अब आप देखते हैं कि कैसे ईश्वर की रचनात्मकता मनुष्य के हाथों में जाती है, कैसे ईश्वर का आनंद मनुष्य के हाथों में जाता है, और कैसे उसका प्रकाश मनुष्य के हृदय में आत्मा के रूप में आता है। उस प्रकाश के कारण हम धर्म की बात करते हैं, हम ईश्वर की बात करते हैं और हम शाश्वत चीजों की बात करते हैं। लेकिन यह आनंद तब तक नहीं हो सकता जब तक कि जागरूकता उस अवस्था तक नहीं पहुंच जाती जहां आप स्वतंत्र हो जाते हैं। स्वतंत्र अर्थात् स्व के तंत्र को समझना, सूक्ष्म व स्थूल शरीर की आपके उत्थान में भूमिका को समझना। मनुष्य सृष्टि का शिखर है। मनुष्य के रूप में हर चीज में आनंद है। लेकिन आत्मबोध के बाद ही आप सृजन के वास्तविक आनंद को महसूस कर सकते हैं।

इस अवस्था को प्राप्त करने का सहजयोग एक सरल व प्रमाणिक माध्यम है। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात् साधक सत्-चित-आनंद को सहज ही प्राप्त कर लेते हैं तथा नियमित ध्यान धारणा द्वारा हम उत्थान के उच्चतम शिखर पर भी सहज ही पहुंच जाते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है।

# तेलंगाना का क्रांतिकारी कदमः बुजुर्गों के सम्मान और सुरक्षा का नया युग

माता-पिता के प्रति संवेदनशीलता अब कानून की ताकत से जुड़ गई है। तेलंगाना सरकार ने 'पैरेंटल सपोर्ट बिल-2026' के जरिए स्पष्ट कर दिया है कि वृद्ध माता-पिता को अकेला और बेसहारा छोड़ना अब महंगी कीमत चुकाने जैसा अपराध होगा। यह केवल कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि समाज में नैतिक चेतना, पारिवारिक जिम्मेदारी और सम्मान की पुनर्स्थापना का साहसिक संदेश है। अब कोई भी अपने दायित्व से मुंह नहीं मोड़ सकता–यदि कोई अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहता है, तो उसके वेतन से 15 प्रतिशत या अधिकतम 10,000 रुपये काटकर सीधे माता-पिता के बैंक खाते में जमा किए जाएंगे। यह प्रावधान सरकारी कर्मचारियों, निजी क्षेत्र के कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों–विधायकों और सांसदों–सभी पर समान रूप से लागू होगा, जिससे कानून का प्रभाव हर वर्ग में समान रूप से महसूस होगा।

आज की तेज़ रफ्तार जिंदगी और व्यक्तिगत स्वार्थ ने अक्सर माता-पिता को केवल बोझ जैसा महसूस करा दिया है। शहरों की चमक-दमक, नौकरी की प्रतिस्पर्धा और आधुनिक जीवनशैली ने पारिवारिक रिश्तों की जड़ों को कमजोर कर दिया है। ऐसे दौर में तेलंगाना का यह कानून युवाओं के लिए सख्त चेतावनी की तरह है कि माता-पिता की उपेक्षा अब महंगी पड़ेगी। अब माता-पिता की लिखित शिकायत पर जिला स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी और हर महीने कटौती की गई राशि सीधे उनके खाते में नियमित रूप से पहुंचेगी। यह कदम केवल आर्थिक दबाव नहीं बल्कि भावनात्मक, सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी की गहन याद दिलाने वाला है।

इस बिल की सबसे बड़ी ताकत शिकायत निपटारे की सरल, निष्पक्ष और समयबद्ध प्रक्रिया है। वृद्ध माता-पिता को केवल जिला कलेक्टर के समक्ष लिखित आवेदन देना पर्याप्त होगा। कलेक्टर दोनों पक्षों को सुनने के बाद अधिकतम 60 दिनों के अंदर मामले का निपटारा करेगा और यदि उपेक्षा सिद्ध हुई तो वेतन कटौती का आदेश जारी करेगा। यदि कलेक्टर समय पर निर्णय नहीं ले पाता या कोई पक्ष असंतुष्ट हो तो अपील के लिए सीनियर सिटीजन कमीशन गठित किया जाएगा। इससे लंबी अदालती प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी, बुजुर्गों को तुरंत आर्थिक सुरक्षा प्राप्त होगी और उनकी गरिमा व आत्मसम्मान बरकरार रहेगा।

तेलंगाना सरकार ने इस बिल के जरिए न केवल कानूनी दंड और आर्थिक प्रावधान तय किए हैं, बल्कि समाज में एक नई नैतिक चेतना और पारिवारिक संस्कृति को भी प्रोत्साहित किया है। यह कानून समाज में पारिवारिक जिम्मेदारी की नई चेतना जगाता है। साथ ही, यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों के व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं और व्यस्त जीवनशैली के बावजूद माता-पिता की देखभाल प्राथमिकता बनी रहे। सरकारी, निजी और नेतृत्वकारी सभी वर्गों में समान जिम्मेदारी तय कर समाज में पारिवारिक मूल्यों और नैतिकता की गहरी समझ विकसित होती है।

भारतीय संस्कृति में माता-पिता हमेशा से सर्वोच्च स्थान पर रहे हैं और उन्हें देवता का दर्जा प्राप्त रहा है। उन्होंने जीवन भर कठोर परिश्रम किया और अपने बच्चों के भविष्य को संवारने में कभी कोई कमी नहीं छोड़ी। लेकिन आज की तेज़ भागती जिंदगी और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं ने इन अमूल्य मूल्यों को कमजोर कर दिया है। तेलंगाना सरकार ने इस विधेयक के जरिए सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को कानूनी मजबूती दी है। अब हर कर्मचारी के लिए यह अनिवार्य होगा कि वह अपने वेतन का एक निश्चित हिस्सा माता-पिता की देखभाल और सम्मान के लिए सुरक्षित रखे। इस प्रकार यह कानून आर्थिक सहायता के साथ-साथ पारिवारिक मूल्यों को भी मजबूत करता है।

जनप्रतिनिधियों को इस बिल के दायरे में लाना समाज और नेतृत्व की सच्ची जवाबदेही का प्रतीक है। जो नेता समाज और राष्ट्र का मार्गदर्शन करते हैं, उन्हें सबसे पहले अपने घर में माता-पिता के प्रति कर्तव्य निभाना चाहिए। जब विधायक, सांसद और अन्य जनप्रतिनिधि स्वयं इस कानून का पालन करेंगे, तो आम नागरिक भी स्वतः प्रेरित होंगे और पारिवारिक जिम्मेदारी को गंभीरता से समझेंगे। यह कदम केवल व्यक्तिगत पालन को सुनिश्चित नहीं करता, बल्कि नेतृत्व की जवाबदेही को मज़बूत बनाकर पूरे समाज में नैतिकता, जिम्मेदारी और पारिवारिक मूल्य की गहरी भावना पैदा करता है।

निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को इस कानून में शामिल करना इसे पूरी तरह क्रांतिकारी और समाज परिवर्तनकारी बनाता है। पहले केवल सरकारी क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित रहता था, लेकिन अब पूरे समाज में समान कानूनी मानक लागू होंगे। माता-पिता की उपेक्षा अब व्यक्तिगत या पारिवारिक मामला नहीं रहेगी, बल्कि इसे सीधे कानून का उल्लंघन माना जाएगा। यह कदम स्पष्ट संदेश देता है कि बुजुर्गों की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं होगी। हर व्यक्ति को अपने माता-पिता की देखभाल, सम्मान और सुरक्षा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इससे पूरे समाज में बुजुर्गों की उपेक्षा अस्वीकार्य हो जाएगी।

तेलंगाना का यह साहसिक और दूरदर्शी निर्णय पूरे देश के लिए प्रेरणा और उदाहरण बन चुका है। अन्य राज्यों को भी तुरंत इस विधेयक को अपनाना चाहिए ताकि बुजुर्गों की पीड़ा, उपेक्षा और हतोत्साह को रोका जा सके। जब तक माता-पिता सुरक्षित, सम्मानित और पूरी देखभाल में नहीं रहेंगे, तब तक समाज का वास्तविक, स्थिर और समग्र विकास अधूरा रहेगा। यह कानून केवल सामाजिक और कानूनी जिम्मेदारी नहीं बनाता, बल्कि यह नैतिकता, पारिवारिक संस्कार और विकास के बीच सशक्त संतुलन स्थापित करने का शक्तिशाली संदेश भी देता है।

माता-पिता की सेवा और सम्मान जीवन की परम प्राथमिकता और सर्वोच्च संस्कार हैं। तेलंगाना सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि समाज की असली शक्ति परिवार की मजबूत नींव में ही निहित है। इस बिल से न केवल बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लौटेगी, बल्कि पूरे समाज में पारिवारिक बंधन भी फिर से प्रगाढ़ और अटूट होंगे। राष्ट्र की सच्ची गरिमा उसके बुजुर्गों के सम्मान और सुरक्षा में झलकती है। आइए हम सब मिलकर इस ऐतिहासिक पहल का गर्व से समर्थन करें और अपने माता-पिता को वह सच्चा सम्मान, सुरक्षा और प्यार लौटाएं, जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। तेलंगाना का यह साहसिक और दूरदर्शी कदम केवल कानून नहीं, बल्कि समाज में नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की अनोखी मिसाल भी है।

**-प्रो. आरके जैन**

## ट्रंप के लिए वियतनाम बना ईरान, निक्सन और बुश से होने लगेगी तुलना

जिस ईरान युद्ध को छेड़ने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोचा होगा कि महज चार दिनों में ही जंग का फैसला हो जाएगा, वह टकराव महीने भर से ज्यादा लंबा खिंच गया है और उस पर जल्द विराम के भी कोई आसार नहीं दिख रहे। इस दौरान अमेरिका के लगभग 40 अरब डालर खर्च हो चुके हैं। रणभूमि पर सैनिक नहीं उतारने की बारंबार दुहाई देने के बावजूद ट्रंप को लगभग सात हजार मरीन और पैराशूट सैनिक भेजने पड़ रहे हैं, लेकिन ईरान न किसी तरह की हार मानने को तैयार है और न सीधी बातचीत को।

अमेरिकी कांग्रेस और संयुक्त राष्ट्र से अनुमति लिए बिना ईरान के परमाणु और मिसाइल खतरे से रक्षा के बहाने छेड़े इस युद्ध ने पूरी दुनिया को गंभीर आर्थिक संकट में झोंक दिया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि अपने व्यापक विनाश से तिलमिलाया ईरान अब अपने 454 किलो संवर्धित यूरेनियम को सौंपना और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को सीमित करना तो दूर, होर्मुज जलमार्ग पर कब्जा करने पर तुल गया है।

ईरान की निगरानी में गुजरे कुछ जहाजों के अलावा यह जलमार्ग पिछले महीने भर से बंद है। इसकी वजह से तेल, गैस, उर्वरक, हीलियम और प्लास्टिक के कच्चे माल की तंगी हो गई है। भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया समेत एशिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं की निर्भरता खाड़ी पर सर्वाधिक है। इसलिए वहां तो महंगाई और मंदी का खतरा है ही यूरोप और अमेरिका में भी महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने की बातें होने लगी हैं। इसे 1970 के दशक में इजरायल-मिस्र-सीरिया युद्ध और इस्लामी क्रांति के तेल संकटों से भी बड़ा ऊर्जा संकट माना जा रहा है।

होर्मुज बंद रहने से उपजे आर्थिक संकट की तपिश एशिया, अफ्रीका और यूरोप के साथ-साथ अमेरिका भी पहुंच चुकी है। अमेरिका में डीजल की कीमतें 25 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। डीजल और उर्वरक की महंगाई का सीधा असर किसानों की आमदनी पर पड़ रहा है। रोजमर्रा का सामान महंगा होने से ट्रंप के मागा समर्थकों में भी नाराजगी है। युद्ध का विरोध करने वालों का आंकड़ा 61 प्रतिशत से ऊपर चला गया है। ट्रंप का अपना जनसमर्थन इतिहास के न्यूनतम बिंदु पर है।

सीनेट में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर युद्धमंत्री हेगसेथ और विदेशमंत्री रूबियो को समितियों में तलब करने पर अड़े हैं। नवंबर में होने जा रहे संसदीय चुनाव में यदि ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने कांग्रेस में अपना बहुमत खो दिया तो ट्रंप पर महाभियोग की तलवार भी लटकने लगेगी। इसलिए वे अब इस युद्ध को किसी ऐसे समझौते के साथ समाप्त करने के लिए छटपटा रहे हैं, जिसमें उनकी जीत का ढोल पीटने की गुंजाइश हो।

इसलिए वे किसी भी मध्यस्थ के जरिये संदेश भेज कर बातचीत की हवा बांधने की कोशिश कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि मध्यस्थता के लिए उन्हें चीन या रूस जैसा कोई देश नहीं मिला जिसके ईरान के साथ सामरिक रिश्ते हों।

**-शिवकांत शर्मा**

# महायुद्ध में प्रयुक्त गोला बारूद के विकरण से पर्यावरण में होंगे जहरीले परिणाम

वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों ने बार-बार चेतावनी दी है कि यदि युद्धों में प्रयुक्त हथियारों और उनके पर्यावरणीय प्रभावों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो ग्लोबल वार्मिंग की समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है। युद्ध के गोला बारूद के विकरण से पर्यावरण तथा ग्लोबल वार्मिंग में जहरीले परिणाम होने की आशंका बलवती हो चुकी है और इसके दूरगामी परिणाम की भी संभावना भी होगी, और प्रभावित क्षेत्र में निवासियों की आने वाली पीढ़ी भी इनके भयानक नतीजों से वंचित नहीं रह पाएंगी। युद्ध केवल सीमाओं का सीमित संघर्ष नहीं होता, यह धरती, आकाश और जीवन की समूची संरचना पर गहरा प्रभाव व प्रहार करता है।

आधुनिक युद्धों में इस्तेमाल होने वाला बारूद, मिसाइलें, बम और रासायनिक तत्व केवल तत्काल विनाश तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इनके प्रभाव दूरगामी और अदृश्य रूप से पर्यावरण तथा वैश्विक जलवायु को प्रभावित करते हैं। जब किसी युद्ध क्षेत्र में विस्फोट होते हैं तो भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और सूक्ष्म कण (पार्टिकुलेट मैटर) वायुमंडल में फैल जाते हैं, जो सीधे-सीधे ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाते हैं। ईरान, अमेरिका, इजरायल, फिलिस्तीन और रूस-यूक्रेन जैसे संघर्ष क्षेत्रों में लगातार हो रहे हमलों ने न केवल मानव जीवन को संकट में डाला है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को भी बुरी तरह झकझोर दिया है। युद्ध के दौरान जलते हुए तेल के कुएं, ध्वस्त होती औद्योगिक इकाइयाँ और धुएँ से भरे आसमान एक ऐसे विषाक्त वातावरण का निर्माण करते हैं, जिसमें सांस लेना भी खतरनाक हो जाता है। यह जहरीली हवा केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वायुमंडलीय धाराओं के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुँच जाती है, जिससे वैश्विक स्तर पर प्रदूषण बढ़ता है और जलवायु परिवर्तन की गति तेज होती है। बारूद में प्रयुक्त रसायन मिट्टी और जल स्रोतों में मिलकर उन्हें भी विषाक्त बना देते हैं, जिससे कृषि भूमि की उर्वरता घटती है और खाद्य सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न होता है। युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई और आगजनी भी होती है, जिससे कार्बन अवशोषण की प्राकृतिक क्षमता कम हो जाती है और वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों का स्तर बढ़ता है। यह स्थिति ग्लोबल वार्मिंग को और अधिक गंभीर बना देती है, जिसके परिणामस्वरूप तापमान में वृद्धि, असामान्य वर्षा, सूखा और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ने लगती हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले आधुनिक हथियारों में यूरेनियम और अन्य रेडियोधर्मी तत्व भी शामिल होते हैं, जिनका प्रभाव पीढ़ियों तक बना रहता है और पारिस्थितिकी तंत्र को स्थायी क्षति पहुँचाता है। इन तत्वों के कारण मिट्टी और पानी लंबे समय तक प्रदूषित रहते हैं, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है, जैसे कैंसर और जन्मजात विकृतियाँ। युद्ध के दौरान होने वाले विस्फोटों से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण भी वन्यजीवों के जीवन को प्रभावित करता है, जिससे उनकी प्राकृतिक प्रवृत्तियाँ बदल जाती हैं और कई प्रजातियाँ विलुप्ति के कगार पर पहुँच जाती हैं। इसके अतिरिक्त, युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर विस्थापन होता है, जिससे शरणार्थी संकट उत्पन्न होता है और नए क्षेत्रों पर पर्यावरणीय दबाव बढ़ता है, क्योंकि अचानक बढ़ी जनसंख्या के कारण संसाधनों का अत्यधिक दोहन होने लगता है। वैश्विक स्तर पर यदि इन युद्धों का सिलसिला इसी प्रकार चलता रहा, तो यह केवल राजनीतिक या आर्थिक संकट नहीं रहेगा, बल्कि एक गहरा पर्यावरणीय संकट बन जाएगा, जिसका प्रभाव पूरी मानवता को भुगतना पड़ेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व के राष्ट्र केवल शक्ति प्रदर्शन और वर्चस्व की राजनीति से ऊपर उठकर पर्यावरण संरक्षण और शांति की दिशा में ठोस कदम उठाएं, क्योंकि एक प्रदूषित और असंतुलित पृथ्वी पर किसी भी राष्ट्र की विजय का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। अंततः यह समझना होगा कि युद्ध की जीत अस्थायी हो सकती है, लेकिन उससे होने वाला पर्यावरणीय नुकसान स्थायी होता है, और यदि हमने समय रहते इस दिशा में ध्यान नहीं दिया, तो आने वाली पीढ़ियों को एक ऐसी पृथ्वी विरासत में मिलेगी, जहाँ जीवन की गुणवत्ता अत्यंत निम्न होगी और प्राकृतिक संसाधन समाप्ति के कगार पर होंगे, इसलिए शांति ही वह एकमात्र मार्ग है, जो पर्यावरण को सुरक्षित रख सकती है और मानवता को एक स्थायी भविष्य प्रदान कर सकती है।

**-संजीव ठाकुर**

## समान संहिता पर राह दिखाते राज्य, गुजरात में बहुमत से पारित यूसीसी

गत दिनों गुजरात विधानसभा में विस्तृत चर्चा के बाद 'गुजरात यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल, 2026' को बहुमत से पारित कर दिया गया। इस कदम के साथ गुजरात, उत्तराखंड के बाद दूसरा ऐसा राज्य बन गया है, जहां व्यक्तिगत मामलों में धर्म-आधारित अलग-अलग कानूनों के स्थान पर एकसमान कानूनी ढांचा लागू किया गया है। विधेयक के अनुसार विवाह समारोह धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न किए जा सकते हैं, किंतु उनका पंजीकरण अनिवार्य होगा। पंजीकरण न कराने की स्थिति में दस हजार रुपये तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है। विवाह की न्यूनतम आयु पुरुषों के लिए 21 वर्ष और महिलाओं के लिए 18 वर्ष तय की गई है।

बहुविवाह को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है तथा पति या पत्नी के जीवित रहते दूसरा विवाह अमान्य माना जाएगा। तलाक के आधारों को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जिनमें क्रूरता, परित्याग, व्यभिचार, मतांतरण और मानसिक विकार शामिल हैं। साथ ही आपसी सहमति से तलाक का प्रविधान भी रखा गया है, किंतु विवाह के एक वर्ष के भीतर तलाक की अनुमति नहीं दी जाएगी। लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता देते हुए उसके पंजीकरण को अनिवार्य किया गया है।

यदि किसी पक्ष की आयु नाबालिग पाई जाती है, तो उसके माता-पिता को सूचित किया जाएगा। लिव-इन संबंध से जन्मे बच्चे को वैध संतान का दर्जा दिया जाएगा तथा महिला साथी को भरण-पोषण का अधिकार प्रदान किया गया है। बच्चों के पालन-पोषण में माता-पिता, दोनों की समान जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है। साथ ही उत्तराधिकार और संपत्ति के बंटवारे में पूर्ण लैंगिक समानता लागू की गई है, जिससे विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों के कारण उपजी असमानताओं को समाप्त करने का प्रयास किया गया है। यह कानून पूरे गुजरात में लागू होगा और गुजरात के वे मूल निवासी, जो राज्य के बाहर रहते हैं, उन पर भी प्रभावी रहेगा। इसके अंतर्गत वे व्यक्ति भी शामिल किए गए हैं, जो पिछले दस वर्षों से लगातार गुजरात में निवास कर रहे हैं या राज्य अथवा केंद्र सरकार की सेवा में कार्यरत हैं। हालांकि अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को इस कानून से छूट प्रदान की गई है, ताकि उनकी पारंपरिक प्रथाओं और सांस्कृतिक पहचान का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

इसमें जबरन विवाह पर दंड का प्रविधान किया गया है, साथ ही हलाला जैसी कुप्रथाओं को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है। इस कानून के लागू होने का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव लैंगिक न्याय के क्षेत्र में दिखाई देगा। महिलाओं को अब सभी समुदायों में संपत्ति, उत्तराधिकार और भरण-पोषण के मामलों में समान अधिकार प्राप्त होंगे। लिव-इन संबंधों में आर्थिक सुरक्षा मिलने से उनकी स्थिति अधिक सुदृढ़ होगी और बच्चों के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे। पंथ के आधार पर कानूनी भेदभाव समाप्त होने से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा।

अंतर्धार्मिक विवाह अधिक सुगम होंगे और संपत्ति से जुड़े विवादों में जटिलताएं भी कम होने की संभावना है। कानूनी प्रक्रिया में भी उल्लेखनीय सरलीकरण आएगा। अदालतों पर बोझ कम होगा, क्योंकि अब विवादों का निपटारा एक ही कानूनी ढांचे के अंतर्गत किया जा सकेगा। इससे न्याय वितरण अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनेगा। पारिवारिक मामलों में मुकदमों की संख्या घटने से सामाजिक स्थिरता को भी बल मिलेगा।

आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो संपत्ति संबंधी विवादों में कमी आने से व्यापार और निवेश का परिवेश भी अधिक अनुकूल होगा। अब इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार को कई ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, एक सुदृढ़ डिजिटल पंजीकरण प्रणाली विकसित करनी होगी।

**-धनंजय राजौरा**

# घर के अदृश्य संविधान में स्त्री का संशोधन

सुबह की रसोई में उबलती चाय की भाप के साथ एक और चीज़ उठ रही है–खामोश विद्रोह। यह विद्रोह दरवाज़े पटककर नहीं, बल्कि दरवाज़े धीरे से बंद करके होता है। महिलाएँ अब घर छोड़ नहीं रहीं, नौकरी छोड़ नहीं रहीं, पर ÷सब कुछ संभालने÷ की अदृश्य जिम्मेदारी से पीछे हट रही हैं। इसे ही घर से 'क्वाइट क्विटिंग' कहा जा रहा है। यह लापरवाही नहीं, आत्मरक्षा है; असंवेदनशीलता नहीं, संतुलन की माँग है। दशकों से घर की दीवारों में कैद वह मानसिक बोझ, जिसे कर्तव्य कहकर सामान्य बना दिया गया था, अब प्रश्नों के कटघरे में है। यह नई लहर बिना नारों के, बिना मंचों के, सीधे रसोई और बैठक के बीच जन्म ले रही है।

'क्वाइट क्विटिंग' शब्द कार्यस्थल से आया, पर घर के भीतर इसका अर्थ कहीं अधिक गहरा है। दफ्तर में कर्मचारी अतिरिक्त काम छोड़ता है, यहाँ महिला अतिरिक्त भावनात्मक और संज्ञानात्मक श्रम छोड़ रही है। मेंटल लोड वह अदृश्य सूची है जो उसके दिमाग में हर समय चलती रहती है–बच्चों की परियोजना, सास की दवा, पति की मीटिंग, त्योहार की तैयारी, रिश्तों की मरम्मत। समय उपयोग सर्वेक्षण 2024 के आँकड़े बताते हैं कि भारतीय महिलाएँ प्रतिदिन पुरुषों से कई घंटे अधिक अवैतनिक श्रम करती हैं। महिलाएँ रोजाना 289 मिनट अनपेड घरेलू कामों पर और 137 मिनट देखभाल पर खर्च करती हैं जबकि पुरुष केवल 88 और 75 मिनट। यह सिर्फ समय नहीं, ऊर्जा और पहचान की कीमत भी है। यही असमानता अब प्रतिरोध को जन्म दे रही है।

महामारी ने इस असंतुलन को निर्वस्त्र कर दिया। घर ही दफ्तर बना, दफ्तर ही घर, और महिला दोनों की प्रबंधक। लैपटॉप की स्क्रीन के पीछे वह मीटिंग में थी, और कैमरे के बाहर रसोई में। इसी दौर में सोशल मीडिया ने वैश्विक संवाद खोला। हजारों भारतीय महिलाएँ लिखने लगीं कि वे 'परफेक्ट' होने की दौड़ से बाहर निकलना चाहती हैं। नई पीढ़ी की मिलेनियल और जेन-ज़ेड महिलाएँ अपनी माताओं की थकान को विरासत नहीं बनाना चाहतीं। वे समझ चुकी हैं कि त्याग का अनंत महिमामंडन असल में असमानता को स्थायी बनाता है। इसलिए यह बदलाव भावनात्मक जागरण से उपजा है।

व्यवहार में यह विद्रोह बेहद सूक्ष्म है। महिला चाय बनाएगी, पर सबके दिमाग का अलार्म नहीं बनेगी। वह याद दिलाना बंद कर देगी, आयोजन का बोझ साझा कर देगी, हर निर्णय की धुरी बनने से इंकार कर देगी।

शुरुआत में परिवार चौंकता है, कभी नाराज़ भी होता है। तुम बदल गई हो जैसे वाक्य तीर की तरह आते हैं। पर धीरे-धीरे घर के अन्य सदस्य भी जिम्मेदारी का स्वाद चखते हैं। बच्चे खुद अपना बैग तैयार करने लगते हैं, पति दवाइयों की सूची संभालने लगता है। यह बदलाव टकराव से नहीं, अभ्यास से आता है, और यहीं इसकी शक्ति छिपी है।

इस खामोश क्रांति के सामाजिक प्रभाव दूरगामी हैं। परिवार की शक्ति-संरचना बदल रही है। पुरुष पहली बार समझ रहे हैं कि घर चलाना केवल शारीरिक श्रम नहीं, निरंतर मानसिक योजना भी है। बच्चों में आत्मनिर्भरता बढ़ रही है क्योंकि माँ हर समस्या का तत्काल समाधान नहीं दे रही। महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य सुधर रहा है; चिंता और थकान में कमी दिख रही है। जब वे हर समय 'ऑन' नहीं रहतीं, तब उनकी रचनात्मकता और पेशेवर दक्षता भी बढ़ती है। यह विद्रोह रिश्तों को तोड़ने नहीं, उन्हें अधिक न्यायपूर्ण बनाने की दिशा में है।

फिर भी यह राह बिल्कुल सरल नहीं। समाज अब भी आदर्श पत्नी और त्यागमयी माँ के पुराने साँचे से बाहर सोचने को सहज नहीं है। अपराधबोध सबसे बड़ी दीवार बनकर खड़ा हो जाता है–क्या मैं स्वार्थी बन रही हूँ? रिश्तेदारों के सवाल, पड़ोस की फुसफुसाहट और परिवार की अनकही अपेक्षाएँ मिलकर भारी दबाव रचती हैं। अनेक महिलाएँ खुली घोषणा नहीं करतीं, बल्कि चुपचाप अपनी भूमिका की सीमाएँ तय करने लगती हैं। यह अनकहा विद्रोह है, जिसे इतिहास शायद सुर्खियों में दर्ज न करे, पर घरों की फिज़ा बदलने की क्षमता रखता है। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी चेताते हैं कि समय पर संतुलन न साधा जाए तो थकान और टूटन अवश्यंभावी है।

आने वाले वर्षों में यह लहर और स्पष्ट होगी। नीतिगत स्तर पर पितृत्व अवकाश, घरेलू श्रम की स्वीकृति और कार्य-जीवन संतुलन पर बहसें गंभीर होंगी। पर असली बदलाव तब आएगा, जब हर घर में काम और भावनात्मक श्रम बराबरी से बाँटे जाएँगे। पुरुषों को भी संवेदनशीलता और जिम्मेदार योजना की आदत विकसित करनी होगी।

घर साझेदारी का जीवंत स्थान बनेगा, एकतरफा सेवा का मंच नहीं। जब जिम्मेदारियाँ न्यायपूर्ण ढंग से साझा होंगी, तब प्रेम भी संतुलित और सम्मानपूर्ण होगा। यह क्रांति नकारात्मक नहीं, रिश्तों को स्वस्थ बनाने की सतत प्रक्रिया है, जो धीरे-धीरे संस्कृति की दिशा बदल देगी।

घर से 'क्वाइट क्विटिंग' प्रतिशोध की पुकार नहीं, आत्मसम्मान की सशक्त व्याकरण है। महिलाएँ स्पष्ट कर रही हैं कि वे घर की केंद्रबिंदु तो रहेंगी, पर अकेली आधारशिला नहीं। वे रिश्ते निभाएँगी, मगर अपनी अस्मिता की कीमत पर नहीं। जब मेंटल लोड बराबरी से बाँटा जाएगा, तभी घर का सुकून भी समान रूप से खिलेगा।

यह मौन परिवर्तन आने वाले दशक में भारतीय परिवार की परिभाषा पुनर्लिख सकता है। अब समय है कि हम इस बदलाव को समझें, स्वीकारें और सक्रिय समर्थन दें। क्योंकि घर की चौखट पर जन्मी बराबरी ही समाज की असली प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है।

**-कृति आरके जैन**

# महावीर जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य पर निकली भव्य वाहन रैली

**हाथों में जैन धर्म ध्वजा के लेकर महिला बालिका भी बड़ी संख्या में हुई शामिल**



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जियो और जीने दो का संदेश देने वाले जैन धर्म के चौंविसवे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने दुनिया को अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) और ब्रह्मचर्य के बारे में बताया है। जिसे जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने अपने जीवन काल में अपने प्रवचनों और उपदेशों के जरिए दुनिया को सही राह दिखाने और मार्गदर्शन करने का प्रयास किया। जैन समुदाय के लोग भगवान महावीर के जन्म का उत्सव बहुत ही जोश और उत्साह के साथ मनाते हैं। भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में शहर में सोमवार और मंगलवार को विभिन्न आयोजन धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

उसी के अंतर्गत जैन समाज सामाजिक संगठन जिला देवास एवं जैन महासंघ देवास की प्रेरणा से एवं महावीर जयंती उत्सव समिति के तत्वाधान में श्री चंदाप्रभु स्वामी मणिभद्रवीर नवयुवक मंडल द्वारा भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ बाबूलाल जी जैन, नगर निगम सभापति रवि जी जैन, विधायक प्रतिनिधि भरत जी चौधरी, शैलेन्द्र जी चौधरी, नीलेश जी छाबडा, मनीष जी कायथा, विजय जी जैन, प्रवीण जी पानोत एवं जैन मंदिर ट्रस्ट मंडलों संस्थाओं के पदाधिकारीयो ने धर्म ध्वजा दिखाकर किया। जिसके पूर्व आयोजन में पधारे सभी जैन मंदिरों के पदाधिकारियों व सभापति एवं विशेष रूप से महिलाओं - बालिकाओं का माला एवं दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया। वाहन रैली सयाजी द्वार से प्रारंभ हुई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री मुनिसुव्रत स्वामी मंदिर सिविल लाइन, श्री चंदाप्रभुमंदिर एम जी रोड, श्री आदेश्वर मंदिर बड़ा बाजार, शंखेश्वर मंदिर नयापुरा, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर मंदिर कवि कालिदास मार्ग, होते सुतार बाखल स्थित श्री चंदा प्रभू स्वामी मणिभद्र वीर जैन मंदिर पर यात्रा का समापन हुआ।

तत्पश्चात जैन मंदिर सुतार बाखल पर महाआरती एवं लक्की ड्रॉ का आयोजन किया गया। वाहन रैली में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बालक व बालिकाएं हाथो में धर्म ध्वजा लेकर दोपहिया व चार पहिया वाहन के साथ शामिल हुए। वाहन रैली के समापन पर नवयुवक मंडल के सदस्यों द्वारा सभी का आभार माना। वाहन रैली के समापन पर समाज के सभी वरिष्ठ जनों ने भगवान महावीर का जन्मकल्याणक जन्मोत्सव को धूमधाम के साथ मनाने की अपील कर महावीर जन्मोत्सव के 30 और 31 तारीख होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया। उक्त जानकारी महावीर जैन ने दी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिरों का निर्माण



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत जिले में जल मंदिर (प्याऊ) निर्माण एवं शुभारंभ का कार्य किया गया। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना तथा जल संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत शाजापुर जिले में शाजापुर नगर, शुजालपुर नगर, अकोदिया, कडवाला, अवंतीपुर बड़ोदिया, मटेवा, केथलाय आदि ग्रामो में जल मंदिरों का निर्माण किया गया है। इन स्थानों पर राहगीरों एवं ग्रामीणों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। जन अभियान परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि ÷जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के माध्यम से जल के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जल मंदिरों के माध्यम से जहां एक ओर सेवा का कार्य हो रहा है, वहीं दूसरी ओर लोगों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित भी किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला/विकासखंड समन्वयक, नवांकुर/प्रस्फुटन प्रतिनिधि, सीएमसीएलडीपी के छात्र/छात्राए एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## शाजापुर एवं मो बडोदिया विकासखंड में ई- विकास प्रणाली का प्रशिक्षण आयोजित

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सचिव म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्रालय भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुक्रम में आज जिले के अनुभाग शाजापुर (राजस्व शाजापुर एवं गुलाना) एवं मो बडोदिया विकासखंड स्तर पर उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सुगमता प्रदान करने के उद्देश्य से ई- विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुविभागीय कृषि अधिकारी उप संभाग शाजापुर ने बताया कि प्रशिक्षण में अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं मास्टर ट्रेन द्वारा समस्त पटवारी, समिति प्रबंधक, सचिव/ग्राम सहायकों, कृषि विस्तार अधिकारी एवं निजी उर्वरक विक्रेताओ को ई- विकास प्रणाली के प्रभावी संचालन तथा टोकन जनरेशन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पोर्टल के माध्यम से उर्वरक वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया, सिकमी /बटाई, ट्रस्ट पट्टाधारी कृषक,अधिकृत/नॉमिनी कृषक, मृत अथवा नामांतरण प्रक्रियाधीन कृषक, वृद्ध एवं शारीरिक रूप से असक्षम कृषकों के टोकन जारी करने एवं किसानों को सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के तरीकों की जानकारी दी गई।

## रेवाबाग में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर महाआरती एवं विशाल भंडारा 2 अप्रैल को



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रेवाबाग स्थित बाल हनुमान मंदिर प्रांगण में आगामी 2 अप्रैल, गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्री बाल हनुमान सेवा समिति, रेवाबाग द्वारा महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है। समिति अध्यक्ष कुंदन मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना करेंगे। आयोजन के दौरान भक्ति-भाव से ओत-प्रोत महाआरती के पश्चात सभी भक्तों के लिए प्रसादी के रूप में विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। समिति द्वारा 28 वर्षों से लगातार यह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर द्वारा ग्राम मोहन बड़ोदिया के ग्राम मोहना में आयोजित कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज सफलतापूर्वक किया गया। समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक श्री बलवंत शितोले, मनरेगा जिला अधिकारी श्री मोहित गुप्ता एवं श्री हीरालाल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण का असेसमेंट श्री पी. एन. उपाध्याय एवं श्री वेदप्रकाश सेन द्वारा किया गया। संस्थान के डायरेक्टर श्री सत्यवीर सिंह चौहान ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान संकाय सदस्य श्री जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, ऑफिस असिस्टेंट सुश्री तन्वी सोनी तथा स्टाफ सदस्य श्री महेश मालवीय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को कृषि विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया, जहां प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एस.एस. धाकड़ तथा डॉ. गायत्री वर्मा द्वारा आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ-साथ प्राकृतिक खेती एवं नरवाई प्रबंधन के बारे में विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

## एनडीआरएफ टीम की कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी दी

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर द्वारा ग्राम मोहन बड़ोदिया के ग्राम मोहना में आयोजित कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ह्ष्ठक्रस्न (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) टीम की कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि ह्ष्ठक्रस्न टीम प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप, चक्रवात, भूस्खलन आदि के समय राहत एवं बचाव कार्य करती है। टीम आपदा प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार देने, राहत सामग्री पहुंचाने तथा आपदा के दौरान जनहानि को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 11वी एनडीआरएफ मुख्यालय वाराणसी (उत्तर प्रदेश) की क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र भोपाल के उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में उपस्थित प्रशिक्षणार्थी एवं विभाग के अधिकारियों और आरसेटी स्टाफ को इंस्पेक्टर श्री निलेश दिवानिया द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित जागरूकता प्रदान की गई। NDRF का उद्देश्य प्राकृतिक (भूकंप, बाढ़, सुनामी) और मानव-निर्मित आपदाओं के दौरान बचाव व राहत कार्य करना एवं इस सम्बन्ध में जागरूकता प्रदान करना है। इस दौरान संकाय सदस्य श्री जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, ऑफिस असिस्टेंट सुश्री तन्वी सोनी तथा स्टाफ सदस्य श्री महेश मालवीय भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

# बिजली दरों में 4.80% वृद्धि एवं गैस सिलेंडर पर 60 रुपये बढ़ोतरी के विरोध में शहर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन, मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महंगाई के विरोध में शहर कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम डिप्टी कलेक्टर आनंद मालवीय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिजली दरों में 4.80% वृद्धि तथा गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की गई। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पहले गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाए, इसके बाद प्रदेश सरकार ने लगभग सवा करोड़ बिजली उपभोक्ताओं पर 4.80% की वृद्धि का बोझ डाल दिया। नए टैरिफ के अनुसार छोटे उपभोक्ताओं को हर महीने लगभग 85 रुपये अतिरिक्त देने होंगे, जबकि 500 यूनिट खपत करने वालों पर करीब 213 रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पहले से ही गैस, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण आम जनता परेशान है और महंगाई लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बिजली दरों में वृद्धि करना आम नागरिकों के हित में नहीं है। प्रयास गौतम ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार से त्रस्त हो चुकी है। महंगाई के कारण लोगों का जीवन कठिन होता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही बढ़ी हुई बिजली दरें और गैस सिलेंडर के दाम वापस नहीं लिए, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राजेंद्र मालवीय और प्रदीप चौधरी ने भी संबोधित किया तथा बढ़ी हुई दरों की निंदा करते हुए उन्हें शीघ्र वापस लेने की मांग की। इस दौरान रेखा वर्मा, नजर शेख, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, जाहिद पठान, सुजीत सांगते, रितेश त्रिपाठी, दीपेश कानूनगो, नरेंद्र यादव, प्यारे मियां पठान, महेंद्र घारू, जितेंद्र सिंह गौड़, दिलीप सिंह सोलंकी, अनिल गोस्वामी, रूपेश कल्याने, नीरज नागर, प्रतीक शास्त्री, ईशान राणा, शाहजी हाशमी, धीरज कल्याने, जहीर शेख, डॉ. मंसूर शेख, हरीश गजधर, दिलीप परमार, राधाकिशन सोलंकी, नईम अहमद, हिम्मत सिंह चावड़ा, गुलाब सिंह ठाकुर, साधना प्रजापति, मीना फनी, अजय सिंह राजोड़ा, राजा पडियार, मनोज सांगते, रईस खान, डैनी, वीरेंद्र परदेसी, वसीम हुसैन, अविनाश जेठवा, मिर्जा कबीर बेग, अजय सिंह रघुवंशी, शाहिद मोदी, कल्लू भाई, चंद्रपाल सिंह, छोटू, चंद्रभूषण शुक्ला, संजय रेकवाल, जयराम मालवीय, प्रथम पवार, चिराग, कमलेश गुप्ता, निलेश वर्मा, प्रहलाद मिस्त्री, राजेश जायसवाल, मुन्ना सरकार, रहीस कामदार, आरिफ मेव, रितेश सोनी, गुल्लू मधानी, राजेश देवड़ा, शाहिद अली, प्रतीक शर्मा, महेंद्र सिंह ठाकुर, यूनुस अली, पीयूष पाटणकर, प्रदीप सिंह चौहान, सुभाष वर्मा, धर्मेंद्र पटेल, दिलीप परमार, रितेश सांगते सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# किसानों की समस्या को लेकर जिला किसान एवं ब्लॉक किसान कांग्रेस खातेगांव ने दिया ज्ञापन

**प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान सहित वरिष्ठ नेता रहे उपस्थित**




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसान कांग्रेस द्वारा सोमवार को किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार,जिला प्रभारी सदाशिव यादव की उपस्थिति में एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान एवं किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश बरड़ खातेगांव, राहुल पटेल कन्नौद, नारायण कुमावत हरणगांव, नूर खान अजनास के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने सामुदायिक भवन खातेगांव से रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम सौंपा जिसमें मांग करते हुए कहा कि- सोसायटी ऋष्ठा जमा करने की तारीख बढ़ाओ,नहीं तो घेराव किया जायेगा।

गेहू प्लेट काटा से तोला जाये।

इंदौर बुधनी रेलवे लाईन में किसानो की जो भूमि अधिग्रहण की है उसका बाजार मूल्य से 4 गुना मुआजा दो।

अमेरिका ट्रेड डील बंद करो,नहीं तो किसान के साथ सड़को पर उतरेंगे।

गेहूं 4000 रू प्रति क्विंटल खरीदो।

किसानों के बिजली बिल की वसूली पर तुरंत रोक लगाओ,बिल माफ करो या आसान किस्तों करो।

गैस सिलेंडर,डीजल,पेट्रोल किसानो को एवं आम नागरिकों को नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करो।

एनएच 146 बी के पीड़ित किसानों की जो भी समस्या है उसका बिंदु बार निराकरण किया जाए उसके बाद रोड का काम लगाया जाए वर्तमान गाइड लाइन का चार गुना मुआवजा दिया जाए। ये सिर्फ मांग नहीं, सीधी चेतावनी है ।

किसान और आम जनता अब चुप नहीं बैठेगी अपना हक लेकर रहेगी। इस अवसर पर विशेष रूप से वरिष्ठ नेता लक्ष्मीनारायण बंडावाला ,ओम पटेल ,तंवर सिंह चौहान,मुकेश हतनोरी, मनोज होलनी, सौरभ माल्या, राजेश बिश्नोई, सुनील यादव, श्रीमती संगीता यादव, नारायण पटेल, अजय गुजर, लाला पटेल, रमजान खान, अकरम खान, विजेंद्र मीणा, रोहित बंडावाला ,राहुल इनानिया, राजवीर कुड़िया, प्रेम नारायण पटेल, किसान नेता हंसराज मंडलोई, विनोद पटवारी, सुरेश जाट , जितेंद्र धाकड़, विजय वैरागी, अकबर खान, सुनील गोलियां, नाहर सिंह, मुकेश नाईक, अन्नू बोहरे, रफीक शेख, श्रीनिवास, कचरू भाई, राजकुमार यादव, बलराम यादव, मनु सोलंकी, किशोर गोलियां, मुकेश राजोरिया, पीयूष जाजड़ा, मुकेश, मीना मेरम धनवारे जनपद अध्यक्ष,विनोद चावड़ा, लालचंद जायसवाल, जगदीश गोरसिया, आबिद खान नागोरी पीपल कोटा, पप्पू सरपंच सन्नौद, नरेंद्र राजावत खारडा, कछु पटेल खान, मांगीलाल सोनार, मुकेश ताजोरिया, मुकेश पटेल, मीणा शोएब राजावत हरणगांव, अनवर खान हरण गांव एवं सभी वरिष्ठ,किसान,युवा,महिला एवं सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# अभियान के तहत जिले में पूर्ण किए गए 52 खेत तालाब और 264 डगवेल रिचार्ज कार्य

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनभागीदारी के माध्यम से कुओं, तालाओं, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। अभियान के तहत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत जल संरक्षण जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया भी किया जा रहा है।

अभियान के शुभारंभ से अब तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले के पांचों अनुभागों में अभी तक 52 खेत तालाब पूर्ण किए गए हैं। इसी प्रकार 264 डगवेल रिचार्ज कार्य भी पूर्ण किए गए हैं। शहरी विकास अभिकरण द्वारा अमृत 2.0 योजनांतर्गत जल संग्रहण संरचना जीर्णोद्धार के 03 कार्य, नदियों में मिलने वाले नालों के शोधन के 05 कार्य, नदियों-तालाबों एवं बावड़ियों को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी 05 कार्य, नाले नालियों की साफ-सफाई एवं सौंदर्यकरण के 32 कार्य, नगरीय निकायों वॉटर हार्वेस्टिंग स्थापना के 07 कार्य, नगरीय निकायों में हरित क्षेत्र विकास के 04 कार्य किए गए हैं। इसी प्रकार नगरीय निकायों में प्रमुख 14 स्थलों प्याउ की स्थापना की गई है। पीएचई विभाग द्वारा नल योजना के ऑपरेटरों के 18 प्रशिक्षण आयाजित किए जा चुके हैं।

## जीवनसिंह ठाकुर की कथादृष्टि में प्रेमचंद परम्परा की झलक



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास के कथाकार जीवनसिंह ठाकुर की कथादृष्टि प्रेमचंद की परम्परा को आगे बढ़ाती है। वे सच्चे अर्थों में हमारे भारतीय समाज को अपनी कहानियों में चित्रित करते हैं। यह बात देवास में आयोजित प्रेमचंद सृजनपीठ के स्मरण-जीवनसिंह ठाकुर कार्यक्रम में वक्ताओं ने कही। मुख्य वक्ता इंदौर की कथाकार गरिमा दुबे ने कहा कि जीवनसिंह ठाकुर हमारे आसपास के ऐसे जीवनानुभव अपनी कहानियों में लेकर आते हैं, जो हमें आत्मीय अहसास देते हैं। उन्होंने देवास की रचनात्मक सक्रियता को भी रेखांकित किया। प्रेमचंद सृजनपीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने अपने पूर्ववर्ती निदेशक रहे जीवनसिंह ठाकुर के कार्यकाल की सक्रियता को रेखांकित किया। उन्होंने देवास के रचनात्मक माहौल तथा इस भावात्मक आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। ठाकुर परिवार से जुड़ी रहीं श्रीमती मनोरमा सोलंकी ने भी उन्हें भावांजलि दी। कथाकार मनीष वैद्य ने जीवनसिंह ठाकुर के साथ आत्मीय संबंधों को याद करते हुए उनकी कथादृष्टि के विस्तार पर चर्चा की।

# कन्या महाविद्यालय में नेशनल टास्क फोर्स से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय, देवास, म. प्र. में मार्च 2026 के दौरान नेशनल टास्क फोर्स (एनटीएफ) से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान मनोवैज्ञानिक प्राथमिक सहायता पर एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ श्रीमती अपर्णा वर्मा ने विद्यार्थियों में मानसिक तनाव और अवसाद के संकेतों की पहचान के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही तनाव कम करने के लिए खेल गतिविधियाँ, ध्यान और योग जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। नशामुक्त परिसर के लिए जागरूकता गतिविधि एवं शपथ ग्रहण का भी आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य और स्वयं की देखभाल पर पोस्टर तैयार किए। उन्हें एक प्रेरणादायक फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें एक बालिका को करियर के तनाव और सामाजिक अपेक्षाओं का सामना करते हुए दिखाया गया। पीयर सपोर्ट लीडर्स द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इसके अलावा छात्राओं के लिए समय प्रबंधन पर एक व्याख्यान भी आयोजित किया गया।

मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 13, 14, 16, 17 और 24 मार्च को तनाव प्रबंधन पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए और विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से तनाव प्रबंधन के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय में इन सत्रों को छात्राओं को दिखाया गया और इन सत्रों से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय में प्रति सप्ताह काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें छात्राएं अपनी ऐसी व्यक्तिगत समस्याएँ काउंसलर के साथ साझा करती हैं, जिन्हें वे परिवार या मित्रों से साझा करने में संकोच करती हैं। साथ ही, महाविद्यालय के गार्डियन ट्यूटर भी विद्यार्थियों के कल्याण के प्रति सतर्क रहते हैं।

# रामनवमी पर्व एवं प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर भोजन प्रसादी का आयोजन




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री गुरु टेकचंद सामाजिक एवं धार्मिक ट्रस्ट देवास समाज के मंदीर 27 वे प्राण प्रतिष्ठा दिवस एवं रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में सामाजिक भण्डारे का आयोजनकिया गया। इस वर्ष के लाभार्थी वरिष्ठ समाज सेवी एवं देवास ट्रस्ट के संरक्षक दीपचंद् मेहता, प्रकाश मेहता, मुकेश मेहता थे।

ट्रस्ट सवरंक्षक दिलीप परमार, श्रीरामेश्वर सोलंकी एवं सत्यनारायण सोलंकी एवं ट्रस्ट कार्य करणी द्वारा दीपचंद मेहता को साफा बांधकर शाल एवं श्री फल तथा अभिनंदन पत्र भेट कर स्वागत किया गया। मेहता के काका श्रीराम मेहता, शेलेन्द्र मेहता, राजेन्द्र मेहता का स्वागत दुपट्टा पहनकर किया गया। प्रकाश मेहता, मुकेश मेहता का स्वागत शाल एव श्रीफल देकर किया गया। उनके पूरे परिवार की महिला सदस्यों का स्वागत महिला ट्रस्टी सीमा सोलंकी, सुनीता कोठारी ,मनोरमा सोलंकी द्वारा किया गया। सचिव शिरीष मेहता, सहसचिव राजेन्द्र परमार , उपाध्यक्ष बंशीलाल परिहार, प्रदीप चावडा कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी,सहकोषाध्यक्ष महेश को कोठारी, धर्मशाला प्रभारी ओमप्रकाश सोलंकी,मीडिया प्रभारी दिलीप सोलंकी,ट्रस्ट सदस्य पुरषोत्तम सोलंकी, शुभम चौहान,जितेंद्र चावड़ा,कैलाश देवड़ा,गणेश टेलर, राजेन्द्र परमार (बुटीक) ,रमेश जाधव द्वारा लाभार्थी परिवार के सदस्यों का दुपट्टे पहनाकर स्वागत किया गया, ट्रस्ट अध्यक्ष मोहन परिहार द्वारा अपने उद्बबोधन में समाज में चल रही गति विधियों की जानकारी दी गई तथा सभी सामाजिक बंधुओ से गुरु देव के उपदेशो पर अमल करने का आग्रह किया, तथा गुरुदेव के जीवन दर्शन पर लिखित पुस्तक प्रकाश पुंज दीपचंद मेहता को भेट की। घनश्याम जाधव द्वारा दीपचंद मेहता के सामाजिक सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, नुक्ता प्रथा पर अंकुश लगाने पर ज़ोर दिया गया, अनिल नायक द्वारा संचालन एवं अभीनंदन पत्र का वाचन किया गया।

कार्यक्रम में सोनकच्छ से आए भवरलाल जाधव मामाजी, बाबूलाल परमार , ओमप्रकाश परमार,इंदौर से अखिल भारतीय महासभा के अध्यक्ष सुभाष परमार ,सचिव मोहन लाल मकवाना, टोक खुर्द से मनोहर , सुंदर लाल , बाबूलाल मकोडिया, इंदौर से नव युवक मंडल से महेश चौहान, विजय सोलंकी,गोविंद सोलंकी, एवं टीम, राजवीर चौहान,अमित परमार,दीपक सोलंकी,डी सी सोनगरा, राजेश सोलंकी एवं टीम,केसुर से अभिषेक सोलंकी, महिदपुर से प्रहलाद धारविया, चांदेसरा से रमेशचंद्र ,जगदीश पटेल, मनोहर पटेल ,राकेश सोलंकी,स्थाईअन्नकूट निधि से उज्जैन के अध्यक्ष राकेश सोलंकी, कमल परमार उज्जैन एवं अन्य क्षेत्र से समाज सेवी यो ने लाभार्थी दीपचंदजी मेहता का स्वागत किया। मेहता परिवार एवं ट्रस्ट सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया,आभार महेश कोठारी ने माना। इसके बाद मंदीर में समाज के आराध्य संत श्री श्री 1008श्री टेकचंद जी महाराज की आरती की गई , बाद मै सभी सामाजिक बंधुओ द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

# नगर परिषद बड़ावदा में बने चार एल्डरमैन

### प्रेस क्लब द्वारा किया गया स्वागत



**बड़ावदा/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर परिषद बड़ावदा में चार एल्डरमैन की नव नियुक्तियां की गई जिनका प्रेस क्लब बड़ावदा अध्यक्ष एवं साथियों ने जोरदार स्वागत किया।

विधायक डॉक्टर चिंतामणि मालवी ने कहा कि सभी नियुक्तियां पूरी पारदर्शिता और योग्यतानुसार की गई हैं। एल्डरमैन नियुक्ति पर हर वर्ग खुश है कहीं-कहीं दावेदार व्यक्ति के नाम न होने से व्यक्ति विशेष को थोड़ा झटका भी महसूस हुआ है । संगठन एवं विधायक की पहल से हर वर्ग खुश नजर आ रहा है तो कहीं कुछ निजी स्वार्थ सिद्ध करने वाले लोग इसे गुट बाजी को बढ़ावा जैसी हवा दे रहे हैं।

नगर परिषद में एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर क्षेत्र की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है हर कोई इन नियुक्तियों से खुश है कहीं ना कहीं ये नवनियुक्त एल्डर मेन अपने कार्य शैली से नगर में विकास कार्यों में सहभागिता देंगे साथ ही जिम्मेदारों द्वारा दि गई जिम्मेदारी का निर्वाह कर्तव्य निष्ठा से करेंगे।

नगर परिषद के विकास और सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए अनुभवी एवं समाजसेवा में सक्रिय लोगों को एल्डरमैन बनाया गया है। उन्होंने आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ÷कुछ लोग बेवजह राजनीति कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि सभी वर्गों और क्षेत्रों को ध्यान में रखकर संतुलित निर्णय लिया गया है। नियुक्तियों में किसी प्रकार पक्षपात नहीं है सभी को साथ लेकर काम किया जाएगा। आम जनता की नजर अब इस बात पर टिकी है कि नई नियुक्तियों के बाद नगर के विकास कार्यों में तेजी आती है या धीमापन रहता है क्योंकि पद तो योग्य व्यक्तियों को ही दिया गया है किन्तु वे अपनी योग्यता साबित कर सकते है या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

राजनितिक लोगो का नाराज होना और खुश होना स्वाभाविक है क्योंकि पुरे नगर मे से चार लोगो को चुना गया है उनके सहयोगी खुश है तो जिन बाकि के लोगो के नाम नहीं आये वे और उनके सहयोगियों का नाराज होना स्वाभाविक ही है।

जिन चार लोगो को पद दिया गया है वे है अशोक हिंगड़,मांगीलाल अजमेरा, मनोज जोशी,सोहन लाल सेन।

# बाल चल समारोह और पपेट शो के माध्यम से बच्चों ने किया भगवान का गुणगान

### पांच दिवसीय भगवान महावीर जन्म कल्याणक का तीसरा दिन



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जैन सोश्यल ग्रुप नागदा की परिकल्पना में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव को पांच दिवसीय मनाते हुए श्रीसंघ के सान्निध्य में कल नन्हें मुन्ने बच्चों का बाल चल समारोह निकाला गया । समाज के लगभग 150 से अधिक बच्चों ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से भगवान के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन किया । फैंसी ड्रेस का लाभ राजेश कल्पना धाकड़ ने लिया । फैंसी ड्रेस के निर्णायक डॉ विपिन वागरेचा थे । बैण्ड बाजे और जयकारों के बीच महावीर भवन से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ बाल चल समारोह पौषधशाला पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ । पौषधशाला में बेबी शाला स्कूल टीम ने पपेट शो का आयोजन किया । पपेट शो के आयोजन का लाभ गांग परिवार ने लिया । स्वागत उद्बोधन जैन सोश्यल ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम ने दिया। मूर्ति पूजक श्री संघ अध्यक्ष मनीष व्होरा ने सभा को संबोधित किया । कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक बच्चे को उपहार भेंट किया गया ।

इस अवसर पर सुनील जैन, शरद जैन, श्रेणिक बम, सुरेन्द्र कांकरिया, रमेश तांतेड, अमित बम, रवि संघवी, राजा कर्नावट, मनोज वागरेचा, अंकुर जैन, आशीष पोखरना, कुशल भंसाली, सुरेश नाहटा, पंकज पावेचा, राकेश ओरा, निलेश सोलंकी, सचिन सकलेचा, शुभम सखलेचा, दीपक गांग आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे ।

# बारिश-ओलावृष्टि से बदला धार्मिक नगरी का मौसम



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मार्च माह में बढ़ते तापमान के बीच एक बार फिर मौसम में सोमवार दोपहर बदलाव आ गया। बादलों की जमावट के साथ गर्मी से राहत मिलने लगी थी। इसी बीच शाम ढलने के साथ बारिश की शुरूआत हो गई और रात 8.30 बजे झमाझम तरीके से ओलावृष्टि हुई।

उत्तर भारत में मौसम की उथल-पुथल और नए चक्रवाती सिस्टम से गर्मी के सीजन में बारिश का मौसम बन चुका है। मौसम विभाग ने पहले ही बदलाव के संकेत जारी कर दिये थे, जो सोमवार को सही साबित हुए है। दोपहर से धार्मिक नगरी उज्जैन का मौसम बदलने लगा था। आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो चुकी थी और 37 डिग्री के करीब पहुंच चुके तापमान में गिरावट आने लगी। गर्मी से लोगों को राहत महसूस हो रही थी। हवा की रफ्तार शाम ढलने पर 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की हो गई थी। जिसमें ठंड के साथ मिट्टी की खूशबू उठ रही थी। शाम 6 बजे बूंदाबादी शुरू हुई। जो धीरे-धीरे तेज रफ्तार पकड़ने लगी। रात 8.30 बजे बारिश के साथ तेज ओलावृष्टि शुरू हो गई। अचानक शुरू हुई ओलावृष्टि के बाद लोगों बचते नजर आने लगे। सड़कों पर आवाजाही पूरी तरह से थम गई। चार पहिया वाहनों की छत से लेकर घरों की छतों पर टपाटप की आवाजे सुनाई देने लगी। रात में मौसम पूरी तरह से बदला चुका था। मौसम विभाग ने कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहने की संभावना जताई है। कहा जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की ओर से आ रही नमी के साथ पश्चिम विक्षोभ के कारण मौसम में बड़ा बदलाव आया है।

# गैस सिलेंडर की आस में भीषण गर्मी में प्यास से सूखते गले, धूप से जलती खाल




**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जब आसमान से सूरज आग उगल रहा हो और पारा 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर शरीर को झुलसाने लगे, उस भीषण गर्मी में अगर आपको घंटों सड़क पर खड़ा रहना पड़े, तो वह सज़ा से कम नहीं है। बदनावर नगर में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडर के लिए मची त्राहि-त्राहि ने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। गैस एजेंसी के बाहर लगी लंबी कतारें केवल ईंधन की कमी की कहानी नहीं, बल्कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता की दास्तां बयां कर रही हैं।

भीषण गर्मी और अग्निपरीक्षा देती जनता - गर्मी की वजह से बदनावर की सड़कें वीरान होने लगती हैं, लेकिन गैस एजेंसी के बाहर का मंजर डरावना है। सैकड़ों लोग–जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं और अपने छोटे बच्चों को पल्लू में छिपाए माताएं शामिल हैं। घंटों से अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे हैं। एजेंसी परिसर के बाहर दूर-दूर तक न तो टेंट की व्यवस्था है और न ही कोई शेड। लोग चिलचिलाती धूप में अपनी टंकियों को ही आसन बनाकर बैठने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के बीच यहाँ पीने के पानी तक का कोई इंतजाम नहीं है। लोग प्यास से व्याकुल होकर आसपास की दुकानों या प्याऊ की तलाश में भटक रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि गैस एजेंसी प्रबंधन सब कुछ देखकर भी अनजान बना बैठा है। क्या एक टेंट और ठंडे पानी की व्यवस्था करना एजेंसी की नैतिक जिम्मेदारी नहीं है। क्या बदनावर का प्रशासन और यहाँ के जनप्रतिनिधि इस भीषण कष्ट को नहीं देख पा रहे हैं? चुनाव के समय हाथ जोड़कर गलियों में घूमने वाले नेता आज उस जनता की सुध लेने क्यों नहीं आ रहे, जो पसीने से तर-बतर होकर एक सिलेंडर के लिए जद्दोजहद कर रही है।

कतार में खड़े एक बुजुर्ग ने नम आंखों और भरे हुए गले से कहा साहब, मजदूरी छोड़कर यहाँ खड़ा हूँ। सुबह से भूखा-प्यासा हूँ, गैस नहीं मिल रही वो एक अलग दुख है, लेकिन इस धूप में जानवर भी खड़ा नहीं रह सकता, जहाँ हमें इंसान समझकर पानी तक नहीं पूछा जा रहा। एक अन्य महिला ने गुस्से में कहा चुनाव के वक्त तो बड़े-बड़े टेंट लगते हैं, ठंडा पानी पिलाया जाता है। आज जब हम मर रहे हैं, तो कोई देखने वाला नहीं। क्या जनता की याद सिर्फ बटन दबाने के वक्त ही आएगी। यदि गैस की आपूर्ति सुचारू करना आपके बस में नहीं है, तो कम से कम नागरिकों को इस भीषण गर्मी से बचाने के लिए बुनियादी इंतजाम तो किए जा सकते हैं। तत्काल कतार वाली जगह पर टेंट लगाए जाएं और ठंडे पानी के टैंकर खड़े करवाएं।

सबसे शर्मनाक पहलू तो यह है कि दैनिक मालवा हेराल्ड अपने समाचार के जरिए लगातार इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाई है। ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकारियों ने अपनी संवेदनाएं लॉकर में बंद कर दी हैं। क्या प्रशासन को अखबारों की सुर्खियां और जनता का कराहता चेहरा दिखाई नहीं दे रहा। आखिर इस मौन के पीछे की वजह क्या है।

बदनावर की यह स्थिति एक गंभीर चेतावनी है। यदि समय रहते प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने अपनी नींद नहीं त्यागी, तो यह लू और गर्मी किसी की जान पर भी भारी पड़ सकती है। जनता देख रही है और याद रख रही है कि उसकी बेबसी पर कौन मौन था।

### बंटी शर्मा कि स्मृति मे पहली बार बड़ावदा मे दो दिवसीय शूटिंग वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**बड़ावदा/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वॉलीबॉल टूर्नामेंट बड़ावदा नगर में रखा गया जिसमें बरड़िया गोयल, लूणी और बडावदा की चार टीम में कुल मिलाकर 6 टीमों ने हिस्सा लिया टूर्नामेंट दो दिवसीय रविवार और सोमवार को बरड़िया गोयल एडवोकेट निंबोला जी कप्तान ऊनि पटवारी सलीम भाई मंसूरी पाटीदार, कप्तान तरुण जी पाटीदार, कप्तान छोटू पटेल, कप्तान केशव काकांणी, कप्तान राघव शर्मा के बीच मैच हुए कार्यक्रम के राजेंद्र कुमावत रशीद पठान अनिल अवस्थी आदि उपस्थित रहे बडावदा नगर में हुए इस पहले आयोजन को सफल बनाने में बंटी शर्मा मित्र मंडल के रवि लारे इमरान खान पप्पू सकलेचा मोहित अजमेर अभिषेक अवस्थी देवेंद्र शर्मा छोटू पटेल टॉपिक कपिल आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया। बंटी शर्मा बॉलीबाल के बहुत शौकीन थे और इस खेल को उन्होंने बढ़ावा दिया उनके चाहने वालो ने उनकी स्मृति मे इस खेल का आयोजन किया था।

# पुस्तक मेला :- जबलपुर के नवाचार ने पूरे प्रदेश को दी नई दिशा - श्रीमती गोंटिया



**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिछले दो वर्ष की अभूतपूर्व सफलता के बाद लगातार तीसरे वर्ष ?गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किये जा रहे बारह दिनों के पुस्तक मेला में छठवें दिन सोमवार को भी रियायती दरों पर निजी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकें, यूनिफार्म और अन्य शैक्षिक सामग्री खरीदने विद्यार्थियों और अभिभावकों का तांता लगा रहा। छठवें दिन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया ने पुस्तक मेला का अवलोकन किया। श्रीमती गोंटिया पुस्तक मेला के छठवें दिन की सांस्कृतिक संध्या की मुख्य अतिथि थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव एवं साहित्यकार श्री आलोक पाठक %उपस्थित रहे। अतिथियों ने माँ सरस्वती के पूजन के साथ सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी और जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक इस अवसर पर मौजूद थे।?नवाचारों की जननी है संस्कारधानी ¬?जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोंटिया ने इस अवसर पर अपने संबोधन में बताया कि जबलपुर सदैव नवाचारों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी नवाचारों की जननी है। शिक्षा की बेहतरी के लिए जबलपुर ने हमेशा प्रदेश और देश को मार्ग दिखाया है। श्रीमती गोंटिया ने पुस्तक मेला में लगे बुक बैंक स्टॉल की सराहना करते हुये अभिभावकों और बच्चों से इसका अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि वे साल भर अपनी पुस्तकों को सहेज कर रखें और पढ़ाई पूरी होने के बाद उन्हें बुक बैंक को दान करें, ताकि वे जरूरतमंद बच्चे को शिक्षा ग्रहण करने में मददगार बन सकें। जिला पंचायत अध्यक्ष ने पुस्तक मेला की निरंतरता बनाये रखने के लिये जिला प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की महंगी किताबों के आर्थिक बोझ से विद्यार्थियों और अभिभावकों को राहत दिलाने जबलपुर में वर्ष 2024 से प्रारंभ हुई इस अभिनव पहल को प्रदेश के सभी जिलों में अपनाया गया है।

# उड़ान में बिखरे नन्हे सितारों की प्रतिभा के रंग

### यहाँ अतिथि नहीं, एक माँ के रूप में गौरवान्वित हूँ– एसडीएम प्रियंका मिमरोट



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्थानीय फर्स्ट स्टेप प्ले स्कूल का प्रथम वार्षिक उत्सव उड़ान अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा की नींव के रूप में प्ले स्कूल की महत्ता को रेखांकित किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम प्रियंका मिमरोट ने अपने संबोधन में प्रशासनिक गरिमा के साथ-साथ एक संवेदनशील अभिभावक की भूमिका भी निभाई। उन्होंने कहा, ÷आज का दिन मेरे लिए भावुक करने वाला है। मेरी अपनी बेटी भी तीन वर्ष की है और पहली बार मैं छोटे बच्चों का ऐसा शानदार फंक्शन देख रही हूँ। मैं हैरान हूँ कि नर्सरी के इन बच्चों को एक-एक स्टेप कैसे याद है? कब मुड़ना है, कब किताब उठानी है–बिना किसी गलती के उनका यह प्रदर्शन अद्भुत है।÷ उन्होंने आगे कहा कि प्ले स्कूल केवल अक्षर ज्ञान नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवहार और बैठने का सलीका सिखाकर भविष्य की मजबूत बुनियाद रखते हैं।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीणा शेखर यादव ने वर्तमान शिक्षा पद्धति पर विचार रखते हुए कहा कि पहले बच्चों को सीधे बड़े स्कूलों में भेजा जाता था, लेकिन अब प्ले स्कूल का चलन एक बेहतरीन शुरुआत है। यह विशेषकर कामकाजी माता-पिता के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने बच्चों के मनोविज्ञान पर चर्चा करते हुए कहा कि खेल-खेल में मिलने वाले छोटे-छोटे उपहार और शील्ड बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता के चेहरे पर भी बड़ी मुस्कान लाते हैं।

संस्था के डायरेक्टर विकास बजाज ने स्कूल के प्रथम वर्ष की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय समर्पित शिक्षक वर्ग और अभिभावकों के भरोसे को दिया। बजाज ने कहा, ÷मंच पर बच्चों की हर प्रस्तुति शिक्षकों के धैर्य और माता-पिता के सहयोग का मधुर परिणाम है। यह तो केवल शुरुआत है, आने वाले वर्षों में हम बेहतर शिक्षा के साथ बच्चों में उच्च संस्कारों के बीजारोपण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नन्हे विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा मैडल, शील्ड और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

समारोह में अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीणा शेखर यादव, एसडीएम प्रियंका मिमरोट, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी एवं वरिष्ठ उद्योगपति अशोक बजाज मंचासीन थे। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक, गणमान्य नागरिक और पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

### ना और मसूर उपार्जन की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक संपन्न

**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसानों से समर्थन मूल्य पर चना, मसूर उर्पाजन की व्यवस्थाओं को लेकर आज सोमवार को उप संचालक कृषि की अध्यक्षता में उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों, समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में संपन्न हुई इस बैठक में जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नेफेड एवं सचिव कृषि उपज मंडी जबलपुर भी मौजूद थे।

# बदनावर में क्रिकेट का महाकुंभ संपन्न, विधायक शेखावत के हाथों विजेता टीम पर हुई 1.51 लाख की धनवर्षा



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खेल, उत्साह और अटूट प्रतिस्पर्धा के 20 दिवसीय सफर के बाद बाबूजी प्रीमियर लीग 2.0 का समापन रविवार रात एक ऐतिहासिक और रोंगटे खड़े कर देने वाले फाइनल के साथ हुआ। विधायक भंवरसिंह शेखावत के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में कप्तान 11 बदनावर ने एमसीसी नागदा को 5 विकेट से शिकस्त देकर चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। रात के सन्नाटे में दूधिया रोशनी के बीच जब जीत का छक्का लगा, तो पूरा स्टेडियम आतिशबाजी और ढोल-धमाकों से गूंज उठा।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एमसीसी नागदा की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में संघर्षपूर्ण 99 रन बनाए और बदनावर के सामने 100 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान 11 की शुरुआत ठोस रही और एक समय मैच पूरी तरह एकतरफा लग रहा था। किंतु, नागदा के गेंदबाजों ने अंतिम क्षणों में घातक गेंदबाजी कर मैच की तस्वीर पलट दी। समीकरण अंतिम ओवर में 6 रन पर आ टिका। रोमांच तब अपने चरम पर पहुँच गया जब बदनावर ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट गंवा दिए। पूरे स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया, लेकिन अगली ही गेंद पर मुस्तफा ने गगनचुंबी छक्का जड़कर मैच बदनावर की झोली में डाल दिया। जीत की धमक इतनी तेज थी कि हजारों दर्शक सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान पर उमड़ पड़े। मैच के समापन पर मुख्य अतिथि विधायक भंवरसिंह शेखावत, सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने पुरस्कार वितरित किए।

प्रथम पुरस्कार कप्तान 11 बदनावर को 1 लाख 51 हजार रुपये एवं चमचमाती ट्रॉफी। द्वितीय पुरस्कार एमसीसी नागदा को 81 हजार रुपये एवं ट्रॉफी। तृतीय पुरस्कार श्रीराम क्रिकेट क्लब बेंगदा को 51 हजार रुपये एवं ट्रॉफी। इसके अलावा मैन ऑफ द टूर्नामेंट, बेस्ट बॉलर और बेस्ट बैट्समैन को भी विशेष सम्मान से नवाजा गया। फाइनल मुकाबले की गरिमा बढ़ाने के लिए धार जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, कमलसिंह पटेल, हरिनारायणसिंह पंवार, आशीष भाकर, डॉ. नरेन्द्रसिंह राजावत, जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष पं. छोटू शास्त्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री सहित कई वरिष्ठ नेता और पत्रकार मंचासीन थे। अतिथियों का स्वागत संदीप चौधरी, निर्मल वर्मा, जगदीश पाटीदार और सोनू जाट सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने किया। विधायकद्वय शेखावत और ग्रेवाल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर खेल भावना की सराहना की।

विधायक मीडिया प्रभारी महेश पाटीदार ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने वाले पर्दे के पीछे के नायकों - अंपायरों, ग्राउंड स्टाफ, टीजीएस लाइव टीम, साउंड और टेंट कर्मियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान संदीपसिंह शेखावत का प्रबंधन सराहनीय रहा।

जीत के बाद खिलाड़ियों ने कप्तान जिम्मी बना को कंधों पर उठाकर पूरे मैदान का चक्कर लगाया। रात के अंधेरे में आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाजी से नहा गया। समर्थकों और आयोजन समिति के सदस्यों ने ढोल की थाप पर जमकर ठुमके लगाए। पिछले 20 दिनों से बदनावर में जो क्रिकेट का बुखार चढ़ा था, वह इस शानदार जीत के साथ यादगार बन गया।

# जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देपालपुर जिला इंदौर जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत देपालपुर मैं नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर वृक्ष पूजा ,जल स्त्रोत पूजन, जल मंदिर प्याऊ एवं पक्षियों के लिए पानी पीने के लिए सकोरे लगाए। जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से नवांकुर संस्था प्रतिनिधि पप्पू परमार एवं मेंटर गोविंद चौहान ने यह भी बताया कि नगर वासियों को जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही जल संरक्षण और पर्यावरण के बारे में जानकारी दी।नगर वासियों को जल संरक्षण और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया।पवित्र नदियों में पूजन सामग्री भगवान के वस्त्र आदि नदियों में ना डालें यह भी आग्रह किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नगर विकास प्रस्फुटन समिति देपालपुर के अध्यक्ष विजय परमार सचिव शिवम कौशिक एवं BSW की छात्रा योगिता परमार एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अवस्थी परिवार की वरिष्ठ सदस्या गंगादेवी का निधन

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के प्रतिष्ठित अवस्थी परिवार की वरिष्ठ सदस्या और स्वर्गीय पंडित मांगीलालजी अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती गंगादेवी अवस्थी का रविवारको देवलोकगमन हो गया। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र के धार्मिक और सामाजिक गलियारों में शोक की लहर छा गई। श्रीमती गंगादेवी पंडित संजय अवस्थी एवं विजय अवस्थी की माताजी तथा पंकज, निलय एवं अनमोल अवस्थी की दादीजी थीं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। श्रीमती गंगादेवी अपने सरल स्वभाव और धार्मिक प्रवृत्तियों के लिए समाज में जानी जाती थीं। श्रीमती गंगादेवी की अंतिम यात्रा सोमवार को प्रातः 11ः00 बजे उनके निज निवास मालीपुरा से निकाली गई। अंतिम विदाई के इस क्षण में बड़ी संख्या में समाजजन, प्रबुद्ध नागरिक, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और इष्ट मित्र शामिल हुए। अंतिम यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मुक्तिधाम पहुँची, जहाँ शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उपस्थित जनसमूह ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आलोट की पत्रकारिता में बड़ा चेहरा उभरा, दुर्गाशंकर पहाड़िया बने तहसील अध्यक्ष – विरोधियों में हलचल



**आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्र की पत्रकारिता में लगातार सक्रिय और मुखर भूमिका निभाने वाले दुर्गाशंकर पहाड़िया को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति के साथ ही क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ और बढ़ते प्रभाव की खुलकर चर्चा होने लगी है।

संघ के जिलाध्यक्ष राजेश जैन द्वारा की गई इस नियुक्ति को पत्रकारिता जगत में एक अहम निर्णय माना जा रहा है। लंबे समय से जनहित के मुद्दों को बेबाकी से उठाने वाले पहाड़िया की पहचान एक निर्भीक और सक्रिय पत्रकार के रूप में बनी हुई है।

नियुक्ति की खबर सामने आते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई, वहीं सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लग गया। दूसरी ओर, इस फैसले के बाद कुछ हलकों में हलचल भी देखी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट है कि पहाड़िया का बढ़ता प्रभाव अब नजरअंदाज करना आसान नहीं है।

माना जा रहा है कि नई जिम्मेदारी के साथ दुर्गाशंकर पहाड़िया अब न सिर्फ पत्रकारों को संगठित करेंगे, बल्कि क्षेत्र की जनसमस्याओं को और अधिक मजबूती से उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

नव-नियुक्त तहसील अध्यक्ष दुर्गाशंकर पहाड़िया ने वरिष्ठों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की गरिमा को बनाए रखते हुए निष्पक्ष, निर्भीक और जनहित की पत्रकारिता को और आगे बढ़ाएंगे।

# बाहरी शत्रु को जीतने वाले वीर और अंतरंग आठ कर्मो को जीतने वाले महावीर होते है - मुनि श्रमण सागर जी

## भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर जैन धर्मावलंबियों ने निकाली शोभायात्रा



**सुसनेर/गिरिराज बंजारिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर व अहिंसा के प्रणेता भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर मुनि श्रमण सागर जी व ओंकार सागर जी के सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को रथ में विराजमान कर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जो श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन छोटा मंदिर से शुरू होकर प्रमुख मार्गो से होते हुए त्रिमूर्ति मन्दिर पहुँची। समाजजनों द्वारा अपने घर प्रतिष्ठानों के सामने भगवान की आरती कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। नगर परिषद कार्यालय पर नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप सोनी व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूजन कर स्वागत किया। त्रिमूर्ति मन्दिर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्रमण सागर जी ने कहा कि जो बाहरी शत्रुओं को जीतता है वह वीर होता है और जो अंतरंग के आठ कर्मो को जीत लेता है वह महावीर होता है। मुनि ओंकार सागर जी ने कहा कि मनुष्य होना बहुत दुर्लभ है यह ऐसी पर्याय है जिसमें आप मोक्ष का रास्ता खोज सकते है। दुर्लभ मनुष्य जीवन का सद्पयोग नही किया तो वापस निगोद (नरक पर्याय) में जाना पड़ेगा। आप भी भगवान बन सकते है। बस कर्म अच्छे करो क्योंकि कर्म ईमानदार होते है जैसा आप करेंगे वैसा ही आपको मिलेगा। शुरुआत समाज के लोकसेवको ने दीप प्रज्वलन कर की। सौधर्म इंद्र बने मयूर कुमार अशोक कुमार तम्बाकू वाला परिवार ने गुरु पूजन किया। भगवान का जन्माभिषेक लाभार्थी प्रमोद कुमार मोतीलाल जैन श्यामपुरा व प्रथम पलना राजमल जैन खुपवाला परिवार द्वारा झुलाया गया। मुनि संघ का पाद प्रक्षालन श्रीमति पूजा अनिल कुमार जैन परिवार छतरपुर व शास्त्र भेंट महिला लोकसेवक संघ ने किया। समापन पर पुण्यार्जक समाज के लोकसेक एव पेंशनर्स संघ के सौजन्य से वात्सल्य भोज हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के पुरुषों ने श्वेत वस्त्र व महिलाओ ने केसरिया साड़ी में शामिल होकर जीयो ओर जीने दो का जयघोष करते हुए अहिंसा का संदेश दिया। जानकारी त्रिमूर्ति मंदिर ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी दीपक जैन ने दी।

विशेष पूजन व धार्मिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन - तीर्थंकर भगवान के जन्मकल्याणक पर जैन समाजजनों द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गए। महिला मंडल द्वारा प्रतिदिन रात्रि में वर्धमान स्त्रोत जाप व भजन कीर्तन किये गए। एक दिन पूर्व महिला मण्डल द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। सुबह जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन के साथ जन्मकल्याणक का विशेष पूजन किया गया। रात्रि में महाआरती कर भजन संध्या का आयोजन हुआ।

## कॉलेज में एडमिशन के नाम पर 4.25 लाख की धोखाधड़ी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर हुई लाखों धोखाधड़ी के मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच लिया गया है। एडमिशन के पटेल परिवार बिहार पहुंचा था इस दौरान उन्हें धोखाधड़ी जानकारी मिली। उन्होंने उज्जैन लौटकर शिकायत दर्ज करवाई नीलगंगा थाना पुलिस बताया कि मंछामन कॉलोनी रहने वाले सतीशचंद्र जोरावरसिंह पटेल के भाई लड़का गौतम पिता महेश सतना मेडिकल कॉलेज में कर रहा है। फरवरी माह में बताया कि बिहार के स्थित मेडिकल कॉलेज प्रोफेसर चंद्रशेखर वाघमारे जानकारी मिली है कि कटिहार मेडिकल कॉलेज में सीट है। सतीशचंद्र ने अपने बेटे एडमिशन मेडिकल कॉलेज कराए जाने को लेकर वाघमारे से संपर्क किया। कटिहार मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल आरबी गुप्ता मोबाइल नंबर दिया। जिनसे संपर्क करने पर उन्होने बताया कि एक छात्र की मृत्यु होने पर की सीट खाली हुई है। उन्होने ईमेल आईडी मांगा और एडमिशन की में डिटेल भेजी जिसमें फीस का लिए उल्लेख भी था। उन्होंने फीस । जमा करने के लिए खाता नंबर की भी दिया जो पश्चिम बंगाल के रहने वाले जयंत सरकार के नाम । से था। सतीशचंद्र ने दो से तीन ने किश्त में फीस के 4.25 लाख में रुपए जमा कर दिए और पिता एडमिशन के लिए बिहार के का कटिहार पहुंच गए। जहां उन्हें पटेल प्रिंसिपल आरबी गुप्ता मिले पढ़ाई लेकिन उन्होंने फीस जमा होने उसने और सीट खाली होने की बात से कटिहार साफ इंकार कर दिया। उन्होंने के सतीशचंद्र द्वारा उनके नाम से से जिस मोबाइल पर बात की गई वह नंबर भी गलत होना बताया। खाली अपने साथ हुई धोखाधड़ी की का जानकारी सामने आने पर बिहार में से लौटे सतीशचंद्र ने एक माह प्रो. बाद मामले की शिकायत जिसने नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज के कराई। पुलिस द्वारा सतीशचंद्र से का मोबाइल नंबर और बैंक खाते की डिटेल भी प्राप्त की गई है।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**आलीराजपुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया और उन्हें मोटे अनाज की फूड बास्केट भेंट की।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं, निर्माण कार्यों और प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री श्रीमती उइके ने निर्देश देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी बच्चों के भविष्य की नींव होती है, इसलिए उनकी गुणवत्ता बेहतर होना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जानकारी दी कि जिले में ÷विद्यारंभ कार्यक्रम÷ के माध्यम से स्कूलों में बच्चों के प्रवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत मात्र तीन दिनों में 94 प्रतिशत बच्चों का पहली कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय भाषा में शिक्षा से जुड़ने के लिए गीत का विमोचन किया गया उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा किया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने गर्मी के मौसम को देखते हुए खराब हैंडपंपों की त्वरित मरम्मत के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हर घर नल कनेक्शन शत-प्रतिशत पूर्ण करने और एकल नल जल योजनाओं के पूर्ण कार्यों की जानकारी से कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए। जल निगम के कार्यों की समीक्षा में मंत्री ने सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के प्रदेश मीडिया प्रभारी जीवनलाल जैन 'चाय वाले' सम्मानित



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जैन पत्रकार परिषद द्वारा उज्जैन मे आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री जीवनलाल जैन 'चाय वाले' को पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूज्य आचार्य श्री विश्व रत्न सागर जी महाराज सा. के करकमलों द्वारा उज्जैन स्थित शंकराचार्य मठ में प्रदान किया गया।

इस अवसर पर संत सानिध्य में सम्मान प्राप्त करना न केवल जीवनलाल जैन के लिए गौरव का विषय है, बल्कि पूरे संगठन के लिए भी अत्यंत हर्ष एवं प्रेरणा का क्षण है। श्री जैन द्वारा निरंतर सामाजिक सरोकारों, मानव अधिकारों एवं जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है, जो समाज के लिए अनुकरणीय है।

कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं पत्रकार साथियों ने भी श्री जैन के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह यादव ने जीवनलाल जैन को इस सम्मान के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे संगठन के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि संगठन सदैव ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा है, जो समाजहित में निरंतर कार्य कर रहे हैं।राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने श्री जीवनलाल जैन को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सम्मान संगठन के सभी कार्यकर्ताओं को और अधिक मेहनत एवं समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

संगठन के शिवम तिवारी, कृष्णा यादव, डॉ. प्रेम कुमार वैद्य, रामवेश सिंह राजावत, युवराज सिंह राठौर, मनीष गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे संगठन के समर्पण एवं सेवा भावना का प्रतीक है। आगे भी इसी प्रकार समाजहित में कार्य करते हुए मानव अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। नागदा जर्नलिस्ट क्लब के सुनील सकलेचा,संस्थापक अध्यक्ष राजेश सकलेचा, अध्यक्ष मांगीलाल पोरवाल, सचिव दीपक जैन, ब्रजेश बोहरा, राहुल शर्मा, राजू गुप्ता जया बघेल, गगन बोहरा,दिनेश सोलंकी, जितेंद्र चौहान, अनुज नाहर, आदि ने भी

## जनगणना 2027 हेतु फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में जनगणना 2027 के कार्यों के सफल, सुव्यवस्थित एवं सुचारू क्रियान्वयन के उद्देश्य से फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 मार्च 2026 से 02 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। आज प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय झाबुआ में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया, डाटा संकलन की विधि, निर्धारित प्रपत्रों के सही उपयोग, तकनीकी पहलुओं एवं फील्ड स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड ट्रेनर्स को इस प्रकार दक्ष बनाना है कि वे जनगणना कार्य को पूर्ण सटीकता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपादित कर सकें।

# ईश्वर के प्रति समर्पण करो और चुनौतियों का सामना निर्भयता से करो- पं. भीमाशंकर शास्त्री

## आनंद उमंग भयो जय हो नंद लाल की नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के भजनों पर भक्त झुमे



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जीवन का सर्वोच्च ज्ञान है, जो बिना फल की चिंता किए निष्काम कर्म करने, आत्मा की अमरता, और परमात्मा में विश्वास रखने की शिक्षा देता है। यह मनुष्य को मन नियंत्रित करने, सत्य के मार्ग पर चलने और क्रोध-लालच त्यागकर सुख-शांति पाने का अनमोल मार्ग भागवत कथा श्रवण करने से मिलता है। उक्त बात श्री सांवरिया सेठ जन कल्याण सेवा संस्था द्वारा श्रीमद् भागवत कथा एवं 52 कन्याओं का निशुल्क विवाह समारोह के चतुर्थ दिवस कृष्ण जन्मोत्सव पर पंडित भीमाशंकर शास्त्री के मुखारविंद से कहते हुए कहा कि भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मथुरा के कारागार में माता देवकी और पिता वासुदेव के घर आधी रात को हुआ। दुष्ट कंस के भय से, वासुदेव जी ने नवजात कृष्ण को गोकुल में नंद बाबा और यशोदा माता के घर छोड़ दिया। कंस को मार कर उनके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई। श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर कथा पांडल पर भक्त कृष्ण भजनों पर नृत्य करते जयकारों से कथा पांडल गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर परम पूजनीय संत श्री महंत डॉ रामेश्वर दास जी महाराज 1008 अध्यक्ष अखाड़ा परिषद उज्जैन ने अपने उद्बबोधन मे समाज को संगठित रहने का आव्हान करते हुए। समाजसेवी बालु बंजारा परिवार द्वारा 52 निःशुल्क कन्या विवाह करायें जाने पर बधाई दी।

आचार्य गौरव दास जी महाराज- त्रिनेत्र भैरव धाम इंदौर, गौलोक धाम गौशाला के संस्थापक पं. शिव गुरु शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत ने अपनी ओर से कन्या विवाह में दो लाख देने की घोषणा की। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, राजेंद्र अवाना, गोवर्धन यादव, बसंत मालपानी,भवरसिंह चौहान, लाखनसिंह पीपावद, शरद जैन, अजय माहेश्वरी, द्वारकाधीश मेहता,अखिल भारतीय श्री रूप सिंह दरबार बामनिया बंजारा संगठन राष्टीय अध्यक्ष राहुल जी मोडावत कैलाश चावड़ा राष्टीय महामंत्री विजय सिंह खींची राष्टीय मंत्री रघुनाथ दायमा राष्टीय सलाहकार सिद्धू उप सरपंच नवादा राजेश खींची उन्हेल तहसील अध्यक्ष पप्पू खींची मंडल उपाध्यक्ष पोरवाल समाज अध्यक्ष रामजी मोदी, राधेश्याम परमार,द्वारका सोनी, उमेश जैन,चंदरसिंह आंजना, नीतेश जैन, दिलीप मोदी, नंदराम धाकड़,कैलाश विपट,दिलिप मेहता, अखिलेश उपाध्याय,लोकेश मोदी,रामसिंह मोड़ावत, सिद्धू बंजारा,गोपाल पटेल, मोहित शर्मा, सुनील मदारिया ईश्वर नांदेड़ा,तेजुलाल जटिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष निर्मल सोलंकी, सूरज गौड, लाखन वर्मा,आदि जन आरती में शामिल हुए।

## एचपीवी टीकाकरण अभियानः अब तक 6 हजार से अधिक किशोरियों को लगाया गया टीका



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है। यह टीका पूर्णतः सुरक्षित, प्रभावी एवं वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। जिले में कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. बघेल के मार्गदर्शन में यह अभियान सुनियोजित एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 6,281 किशोरियों को टीके लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक पात्र किशोरियों तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। विकासखंडवार प्रगति में झाबुआ में 988, मेघनगर में 775, पेटलावद में 1,480, रामा में 1,112, राणापुर में 833 तथा थांदला में 1,093 किशोरियों का टीकाकरण किया गया है, जो अभियान की सफलता को दर्शाता है।

उन्होंने आगे बताया कि एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक प्रभावी माध्यम है और समय पर टीकाकरण से भविष्य में होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ टीकाकरण कार्य को गति दे रही हैं।

जिला प्रशासन ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण अवश्य करवाएं, ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही यह भी आग्रह किया गया है कि किसी भी प्रकार की भ्रांतियों या अफवाहों पर ध्यान न देते हुए स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करें और इस जनहितकारी अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# सरकार का लक्ष्य अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे- अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान




**आलीराजपुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज आलीराजपुर ऑडिटोरियम में संकल्प से समाधान अभियान के समापन कार्यक्रम का आयोजन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नीतू माथुर ने अभियान के तहत जिले में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी 2026 से प्रारंभ हुए इस विशेष अभियान को ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मंत्री श्री चौहान ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं आगे आकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और पात्रता के अनुसार उनका लाभ लें। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्री कन्या दान योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि इस योजना के तहत विवाह के लिए 49 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी, ताकि बीमारियों से बचाव किया जा सके। उन्होंने नर्मदा सिंचाई परियोजना का जिक्र करते हुए बताया कि जिले में 1800 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रगति पर है, जिसमें आमजन के सहयोग की आवश्यकता है, ताकि परियोजना का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि सुशासन और स्वराज के उद्देश्य से 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक यह विशेष अभियान चार चरणों में संचालित किया गया। पहले चरण में ग्राम पंचायतों और नगरीय वार्डों से आवेदन प्राप्त किए गए, जिनके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 30 और नगरीय क्षेत्रों में 11 क्लस्टर बनाए गए थे। प्रत्येक क्लस्टर में प्रभारी अधिकारियों द्वारा आवेदन दर्ज और निराकृत किए गए।

द्वितीय चरण 16 फरवरी से 16 मार्च में क्लस्टर एवं वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित कर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। तृतीय चरण( 16 से 26 मार्च में विकासखंड स्तर पर शिविर लगाकर शेष आवेदनों और शिकायतों का समाधान किया गया। वहीं अंतिम चरण 26 से 31 मार्च में जिला स्तर पर सभी लंबित एवं नए आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभ वितरित किया गया। इस अभियान के दौरान जिले में लगभग 63 हजार आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 58,738 आवेदन स्वीकृत, 3,979 अस्वीकृत और 332 आवेदन लंबित हैं। लंबित मामलों के समाधान के लिए शासन स्तर पर लक्ष्य की मांग की गई है।

कलेक्टर नीतू माथुर ने कहा कि यह अभियान अंत नहीं, बल्कि निरंतर प्रक्रिया है और प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

# सफलता की कहानी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाः बूंद-बूंद से बनी समृद्धि की कहानी

## पोर्टेबल स्प्रिंकलर से सिंचित सपने, किसान की बढ़ी आमदनी



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला झाबुआ के विकासखंड राणापुर के छोटे से ग्राम डाबतलाई में रहने वाले कृषक श्री चैना रणजीत सिंगाड़ की कहानी आज बदलाव और प्रगति की मिसाल बन गई है। कभी सीमित संसाधनों और पारंपरिक खेती के कारण जहां उनकी मेहनत को उचित फल नहीं मिल पाता था, वहीं अब आधुनिक तकनीक ने उनकी किस्मत ही बदल दी है।

वर्ष 2024-25 में उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत पोर्टेबल स्प्रिंकलर प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें 10,887 की अनुदान राशि मिली। यह स्प्रिंकलर उनके खेतों के लिए सिर्फ एक उपकरण नहीं, बल्कि नई उम्मीदों की शुरुआत साबित हुआ।

योजना का लाभ लेने से पहले वे पारंपरिक खेती करते थे। सोयाबीन की फसल से उन्हें मात्र 4 क्विंटल उत्पादन प्राप्त होता था, जिसमें 6,000 की लागत के बाद कुल आय 13,000 और शुद्ध आय 7,000 ही रह जाती थी। इसी प्रकार गेहूं की फसल से 7.50 क्विंटल उत्पादन होता था, जिसमें 5,500 की लागत पर 17,500 की आय और 12,000 की शुद्ध कमाई होती थी। कुल मिलाकर मेहनत अधिक और लाभ सीमित था।

पोर्टेबल स्प्रिंकलर के उपयोग से सिंचाई की सुविधा बेहतर हुई और उन्होंने पारंपरिक फसलों के स्थान पर नगदी फसल भिंडी को अपनाया। परिणामस्वरूप उनकी आय में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई। पहली फसल में 50 क्विंटल भिंडी का उत्पादन हुआ, जिसमें 30,000 की लागत पर 1,05,000 की कुल आय और 75,000 की शुद्ध आय प्राप्त हुई। इसके बाद दूसरी फसल में उत्पादन बढ़कर 65 क्विंटल हो गया, जिसमें 32,000 की लागत पर 1,15,000 की कुल आय और 83,000 की शुद्ध आय हासिल हुई। आज श्री चैना रणजीत सिंगाड़ की खेती न केवल अधिक उत्पादन दे रही है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी मजबूत बना रही है। जहां पहले कुछ हजार रुपये की आय होती थी, वहीं अब वे एक फसल से ही कई गुना अधिक लाभ कमा रहे हैं।

उनकी यह सफलता यह संदेश देती है कि सरकारी योजनाओं का सही उपयोग, आधुनिक तकनीक का अपनाना और फसल चयन में बदलाव, किसानों की आय को कई गुना बढ़ा सकता है। श्री सिंगाड़ आज अपने क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं और उनकी कहानी कम संसाधनों में भी बड़े बदलाव की एक जीवंत मिसाल है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

